


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 145 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 8 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# दुर्ग से राजेन्द्र साहू फायनल, 5 सीटों पर सीईसी में बनी सहमति, 6 पर माथापच्ची

श्रीकंचनपथ डेस्क न्यूज़

दिल्ली/रायपुर। लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चुनने कल देर रात तक चली कांग्रेस केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ से 5 उम्मीदवार तय कर लिए गए। बाकी बची 6 सीटों के लिए आज फिर माथापच्ची होगी। जिन सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार तय किए हैं, उनमें राजनांदगांव, दुर्ग, जांजगीर, सरगुजा और कोरबा की सीटें शामिल हैं। वहीं बाकी बची 6 सीटों पर हालांकि खुलकर चर्चा हुई है, लेकिन नामों को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। सीईसी की कल हुई बैठक में दक्षिण भारत के राज्यों के साथ ही उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सीटों के लिए चर्चा की। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, हमने केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, दिल्ली और लक्ष्यद्वीप क्षेत्रों में सीटें फायनल की है। उन्होंने कहा कि बाकी सीटों के लिए प्रक्रिया चल रही है। इसकी औपचारिक घोषणा जल्द की जाएगी।




कांग्रेस में कल देर रात जिन उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगी है, उनका ऐलान आज किए जाने की संभावना है। पिछले चुनाव में गांधी परिवार की परंपरागत अमेठी से चुनाव हारने वाले राहुल गांधी का नाम इसी सीट से फायनल होने की खबर है। यदि ऐसा होता है तो उनका लगातार तीसरी बार केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से सामना होगा। पिछली बार राहुल गांधी यहां से 55 हजार से ज्यादा वोटों से हार गए थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राहुल का नाम अमेठी के साथ ही वायनाड से भी तय हुआ है। वर्तमान में राहुल वायनाड से ही सांसद हैं।

## भूपेश को नांदगांव से टिकट

रायपुर में प्रदेश चुनाव समिति की हुई बैठक में जब प्रत्याशियों के नाम प्रारंभिक रूप से सामने आए तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी चुनाव लड़वाने की बात कही गई। हालांकि बघेल ने चुनाव लड़ने की बजाए घूम-घूमकर प्रचार करने की बात कही थी। बावजूद इसके उनके नाम की चर्चा लगातार होती रही। अब खबर यह है कि केन्द्रीय चुनाव समिति ने उनका नाम राजनांदगांव से तय कर दिया है। इस सीट से वर्तमान में भाजपा के संतोष पाण्डे सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दोबारा प्रत्याशी घोषित कर दिया है। ऐसे में राजनांदगांव में संतोष पाण्डे और भूपेश बघेल का आमना-सामना होना तय हो गया है। राजनांदगांव जिले की बात करें तो पिछले विधानसभा चुनाव में यहां से 6 में से 5 सीटों पर भाजपा को पराजय मिली थी। भाजपा सिर्फ राजनांदगांव सीट पर ही जीतने में कामयाब रही। इस सीट से डॉ. रमन सिंह लगातार विधायक रहे हैं। वर्तमान में वे लोकसभा के अध्यक्ष हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस के लिए राजनांदगांव लोकसभा की राह आसान नहीं रहने वाली।

## विजय के सामने होंगे राजेन्द्र

भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग संसदीय सीट से वर्तमान सांसद विजय बघेल को रिपीट किया है। वहीं कांग्रेस ने इस सीट से युवा नेता राजेन्द्र का नाम फायनल कर दिया है। दुर्ग के जातीय समीकरणों को देखें तो यह इलाका साहू और कर्मी बाहुल्य है। विगत 2019 के चुनाव में भाजपा ने विजय बघेल तो कांग्रेस ने प्रतिमा चंद्राकर को टिकट दिया था। दोनों ही कुर्मी समाज से आते हैं। लेकिन इस बार दुर्ग के हालात कुछ अलग नजर आ सकते हैं। दरअसल, दुर्ग संसदीय क्षेत्र में कुर्मियों के मुकाबले साहू समाज की जनसंख्या ज्यादा है। 2014 के चुनाव में जब पूरे देश में मोदी लहर चल रही थी, तब कांग्रेस ने ताम्रध्वज साहू को मैदान में उतारा था। साहू ने भाजपा की कद्दावर नेत्री और सांसद सरोज पाण्डेय को हरा दिया था। ऐसा साहू समाज की लामबंदी के चलते हो पाया। राजेन्द्र साहू को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का करीबी माना जाता है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद राजेन्द्र साहू को दुर्ग जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक का अध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि वे ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं रह पाए।

## कोरबा में ज्योत्सना ही लीडर

कांग्रेस में आमतौर पर अपने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बदलने का रिवाज नहीं है। इसलिए कोरबा सीट से ज्योत्सना महंत की टिकट पहले से ही तय मानी जा रही थी। हालांकि पार्टी के भीतर उनसे ज्यादा अनुभवी चरणदास महंत के नाम की भी चर्चा रही। कांग्रेस में कई सारे बड़े नेताओं ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया था। उनमें चरणदास महंत भी शामिल हैं। शायद यही वजह है कि उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत को पार्टी ने एक बार फिर रिपीट किया है। भाजपा ने इस सीट से पहले ही कद्दावर नेत्री सरोज पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया है। सरोज दुर्ग जिले से हैं और वहां वे दो बार महापौर, 1 बार विधायक और 1-1 बार लोकसभा और राज्यसभा से सांसद रह चुकीं हैं। उनका भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में भी खासा दखल है। ऐसे में इस बार कोरबा क्षेत्र में दिलचस्प चुनावी नजारा देखने को मिल सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरोज पाण्डेय, कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के लिए खासी चुनौती पेश करेंगी। माना जा रहा है कि इस बार यहां नतीजे कुछ भी हो सकते हैं।

## जांजगीर और सरगुजा भी तय

सीईसी की पहली ही बैठक में कांग्रेस ने जिन 5 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं, उनमें जांजगीर और सरगुजा भी शामिल है। जांजगीर सीट से पूर्व मंत्री शिव डहरिया का नाम तय हो गया है। डहरिया ने भी लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रति अनिच्छा जाहिर की थी। लेकिन बड़े नेताओं को चुनाव लड़वाने की कांग्रेस की नई नीति के चलते उन्हें भी मैदान में उतार दिया गया। हालिया सम्पन्न विधानसभा चुनाव में शिव डहरिया को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। कहा जा रहा है कि देशभर में मोदी लहर के चलते कांग्रेस के बड़े चेहरे चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे हैं। उन्हें डर है कि पराजय की स्थिति में उनका राजनीतिक जीवन ही समाप्त हो सकता है। यही वजह है कि कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने खुलकर चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। जिन 6 सीटों पर सीईसी ने प्रत्याशी तय नहीं किए हैं, उनके लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू समेत कई बड़े नेताओं के नाम हैं। ताम्रध्वज साहू का नाम महासमुंद सीट के लिए चलने की भी खबर है।

## जिन्होंने मना किया, उन्हें ही उतार दिया

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा पीएम मोदी के चेहरे पर 400 सीट के लक्ष्य के साथ मैदान में उतर चुकी है। भाजपा का चेहरा पीएम मोदी है। 10 साल की मोदी सरकार में सांसदों का क्षेत्र में कोई प्रभाव नहीं रहा है। ऐसे में कांग्रेस अपने कद्दावर नेताओं को उतार कर चुनाव को दिलचस्प बनाना चाहती है। कांग्रेस के रणनीतिकारों का ये भी मानना है कि कांगेस के बड़े नेता चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा को बहुमत के आंकड़े से नीचे में रखा जा सकता है। यही वजह है कि कांग्रेस आधे नए चेहरे तो आधे कद्दावर नेता को मैदान में उतारने जा रही है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं। भाजपा ने इस बार सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ पृथक राज्य बनने के बाद से अब तक कांग्रेस यहां से 2 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाई है। पिछले चुनाव में भी प्रदेश में सत्ता रहने के बावजूद महज 2 ही सीटें मिली थी। इनमें एक सीट कोरबा और दूसरी बस्तर की थी। कांग्रेस अपने बड़े नेताओं को मैदान में उतारकर यह बताने की कोशिश में है कि भाजपा के लिए 11 सीटें जीतने का ख्वाब उतना आसान नहीं है।

## खास-खबर



### नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड,समारोह में पहुंचे पीएम मोदी, कहा यह नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड्र्स कार्यक्रम में पहुंचे। क्रिएटर्स की सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि युवाओं को और उनकी क्रिएटिविटी को सम्मान देने के लिए यह अवॉर्ड पहली बार आयोजित हो रहे हैं। यह नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है।

मोदी ने कहा कि आज महाशिवरात्रि भी है। मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है। भगवान शिव भाषा, कला और क्रिएटिविटी के रचनाकार माने गए हैं। साथ ही मोदी ने इंटरनेशनल विमेंस डे की भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि पुरुष भी ताली बजा रहे हैं। मैं अभी थोड़ी देर पहले ही गैस सिलेंडर के रेट कम करके आया हूं। मोदी ने कार्यक्रम में 23 लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कथा वाचक जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज का अवॉर्ड दिया है। साथ ही कल्चरल ऐंबैस्डर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मैथिली ठाकुर को दिया है।

मोदी ने क्रिएटर्स को बधाई देते हुए कहा- किसी सेक्टर की महाशिक्ति ने सरकार को प्रेरित किया हो कि कब तक बैठे रहोगे कुछ तो सोचो। इसलिए भी आप बधाई के पात्र हैं। इसका श्रेय भारत के हर कंटेंट क्रियेटर को जाता है। आपने जो हिम्मत दिखाई उसी के कारण आज आप सब यहां पहुंचे हैं और देश बड़ी आशा के साथ आपको देख रहा है। आपका कंटेंट पूरे भारत में जबरदस्त इंपेक्ट क्रियेट कर रहा है।

### दिल्ली में कोरोना की दस्तक, मई के बाद पहली बार संक्रमण में उछाल, गर्म मौसम में क्यों बढ़ रहे केस?

**नईदिल्ली।** चार साल बीत जाने के बाद कोरोना अब भी वैश्विक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम बना हुआ है। समय-समय पर इसके मामलों में इजाफा देखा जाता रहा है। नवंबर-दिसंबर 2023 के बाद कोरोना की रफ्तार नियंत्रित नजर आ रही थी, हालांकि हालिया रिपोर्ट्स में एक बार फिर से संक्रमण बढ़ने की खबर है।

पिछले दो दिनों से संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी रिपोर्ट की जा रही है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मई 2023 के बाद पहली बार एक दिन में संक्रमण के मामलों में उछाल दर्ज की गई है। गुरुवार की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में कोरोना के 63 नए मामले सामने आए हैं।

दिल्ली के साथ-साथ राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित अन्य उत्तरी राज्यों में भी संक्रमण के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है। पिछले 15 दिनों में दिल्ली में कोविड-19 के 459 मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में भी संक्रमण में उछाल आया है, पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहने की सलाह दी है।

महिला दिवस पर सरकार का तोहफा

# 100 रुपए सस्ता हुआ घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, पीएम मोदी ने किया एलान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर पर 100 रुपए की छूट का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।



उन्होंने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई की दिशा में काम करते रहना है। इससे हम एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन को आसान करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है। इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा हम नारी शक्ति की ताकत और साहस को सलाम करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बता दें कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देश भर में 14.17 करोड़ मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया था कि सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत अप्रैल 2020 से दिसंबर 2020 तक पीएमयूवाई लाभार्थियों को तीन मुफ्त सिलेंडर मुहैया कराए थे। इस योजना के तहत देशभर में 14.17 करोड़ मुफ्त सिलेंडर बांटे गए।

# 10 मार्च को मिलेगी महतारी वंदन योजना की पहली किस्त, वर्चुअल जारी करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। सालाना 12 हजार यानी हर महीने एक हजार रुपए मिलने की उम्मीद लगाई महिलाओं के इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली है। उनके हाथ में जल्द पैसा होगा। दरअसल 10 मार्च को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त जारी की जाएगी। 70 लाख से ज्यादा महिलाओं के खाते में इस दिन एक-एक हजार रुपए जारी किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी गई है। ट्वीट कर लिखा कि महतारी वंदन योजना की राशि 10 मार्च 2024 को की जाएगी हस्तांतरित।




इससे पहले शासन स्तर पर 1 मार्च को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त जारी करने की बात कही गई थी। इसके बाद महिला दिवस पर 8 मार्च को जारी करने की बात कही गई और अब 10 मार्च को जारी करने की घोषणा की गई है। पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली माध्यम से विवाहित महिलाओं के खाते में डीबीटी के जरिए राशि ट्रांसफर करेंगे।

## साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में तैयारियां शुरू

नई तारीख की घोषणा होते ही अब शासन स्तर पर पीएम नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह आयोजन रायपुर समेत जिला, ब्लॉक मुख्यालयों, नगरीय निकायों में महिला सम्मलेन के जरिए महतारी वंदन योजना की राशि जारी की जाएगी। इस दौरान पीएम मोदी हितग्राहियों से वर्चुअली बातचीत भी करेंगे। रायपुर में होने वाले कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

## 70 लाख 14 हजार 581 महिलाओं को मिलेगा लाभ

इस योजना का लाभ प्रदेश के 70 लाख 14 हजार 581 महिलाओं को मिलेगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए कुल 70 लाख 26 हजार 352 महिलाओं ने आवेदन किए थे, लेकिन गलत जानकारी या गलत दस्तावेज की वजह से 11 हजार 771 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं। योजना की पात्र महिलाओं की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना एक कारगर कदम है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रोचक प्रसंग

श्रीकंचनपथ




आज पूरी दुनिया महिला दिवस मना रही है। भारत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक दिन पहले ही मनाना पड़ा। भारत भूमि पर आज महाशिवरात्रि मनाया जा रहा है। कहीं शिवजी की बारात निकल रही है तो कहीं धूमधाम से उनके विवाह की रस्में अदा की जा रही हैं। बहुत कम लोगों को याद है कि आज ही के दिन पहली बार शिव ज्योतिर्लिंग में प्रकट हुए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बार ब्रह्मा और विष्णु में श्रेष्ठता को लेकर बहस हो गई। दोनों ने अपनी-अपनी शक्ति और सामर्थ्य का प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया। तब विषय को प्रलय से बचाने के लिए शिवजी ने ज्योतिर्लिंग रूप में स्वयं को प्रकट किया। इसका न कोई आदि था न अंत। तब विष्णु ने शूकर का रूप धारण कर इसकी जड़ों को खोजना प्रारंभ किया और ब्रम्हा हंस रूप में इसका ऊपरी छोर तलाशने निकल पड़े। तभी से हंस को ब्रह्माजी का वाहन और विष्णु के वराह अवतार का प्रसंग सामने आया। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान आज ही के दिन वासुकी नाग ने विषवमन किया था। इस विष की ज्वाला से पूरी सृष्टि कांप उठी थी। चारों तरफ विष की भयंकर जिव्हा ने ताण्डव मचाना शुरू कर दिया था। तब ऋषियों के आग्रह पर देवाधिदेव शिव ने इस विष को पीकर अपने कंठ में धारण कर लिया था। इस भारी विपदा से जगत को बचा लिए जाने पर रात भर देवी देवताओं और ऋषि मुनियों ने शिवजी की आराधना की थी। तभी से शिव नीलकंठ कहलाए और सृष्टि आज के दिन उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए महाशिवरात्रि मनाती है।

बहरहाल, आज की चर्चा का विषय है महिला दिवस। वर्तमान में सम्मान समारोहों को लेकर एक होड़ सी मची हुई है। मंचों पर वही-वही चेहरे और सम्मानित होने वालों की भी लगभग वही पुरानी सूची, इस दिवस को मनाए जाने के औचित्य पर ही प्रश्न चिन्ह लगा देते हैं। दरअसल, यह भी एक मजबूरी है। अधिकांश संगठन महिला दिवस को मनाने की तैयारी सप्ताह भर या हद से हद पखवाड़ा पूर्व शुरू करते हैं। चार लोग एक साथ बैठकर सूची बना लेते हैं और औपचारिकता कर ली जाती है। महिला दिवस समारोह ऊबाऊ कार्यक्रम बनकर रह जाते हैं। उधर, महिलाएं रोज नया इतिहास लिख रही हैं। बिलासपुर की एक संस्था है बंगाली महिला समाज। इसकी चालीस सदस्याएं प्रति वर्ष केवल 200 रुपए और अपना कीमती वक्त संस्था को देती हैं। अमरकंटक के पास के एक गांव में 1994 में बाढ़ आई थी। तब चावल-दाल लेकर ये महिलाओं बाढ़ग्रस्त गांवों तक पहुंची थीं। बाढ़ की विभीषिका तो खत्म हो गई पर इनका काम खत्म नहीं हुआ। इन्होंने शाला त्यागी बच्चों को स्कूल लौटाना शुरू किया। स्कूल में पढ़ाई छोड़ने वालों के गांव में आज अच्छी खासी संख्या पोस्ट ग्रेजुएट्स की है। ये बच्चे आज सभी क्षेत्रों में शहरी बच्चों को बराबर की टक्कर दे रहे हैं।



## संपादकीय

# कश्मीर में प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कश्मीर घाटी की यात्रा जितनी सुखद है, उतनी ही ऐतिहासिक भी। प्रधानमंत्री ने वहां 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की 43 विकास परियोजनाओं का अनावरण-शिलान्यास करने के साथ ही सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली घाटी यात्रा थी और इसकी खूब चर्चा होनी ही चाहिए। घाटी के लोग जब प्रधानमंत्री को अपने बीच देख रहे थे, तो उन्हें जो खुशी हुई, उसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। श्रीनगर आतंकियों के शिकंजे से निकलकर अब जिस तरह से विकास की सांसें लेने लगा है, उससे निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों की जरूरत वहां बढ़ गई है। आरोप लगाने वाले अक्सर कहते थे कि प्रधानमंत्री श्रीनगर नहीं जा रहे हैं, क्योंकि वहां की स्थितियां अनुकूल नहीं हैं। अब इस यात्रा से ऐसे आलोचकों के आरोपों पर अंकुश लग सकेगा। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को जिस तरह से संबोधित किया है, उसकी गूंज घाटी के उन चंद रोशनी से महरूम इलाकों तक भी अवश्य पहुंची होगी, जहां अभी भी आतंकी यदा-कदा जा छिपते हैं।

> “ नरेंद्र मोदी ने कश्मीर घाटी की जनसभा से भी विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा और दावा किया कि कुछ परिवार न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को, बल्कि पूरे देश को गुमराह कर रहे हैं।

इसमें कोई शक नहीं है कि प्रधानमंत्री का यह दौरा जितना विकास कार्यों को समर्पित था, उतना ही चुनाव को भी संबोधित था। इस दौरे से निस्संदेह भाजपा और कश्मीर में उसके समर्थकों को राजनीतिक बल मिलेगा। कश्मीर में पता नहीं, भाजपा कितनी सीटें जीत पाएगी, लेकिन प्रधानमंत्री के कश्मीर दौरे से बाकी देश में भाजपा की मजबूती का ही संदेश पहुंचेगा। नरेंद्र मोदी ने कश्मीर घाटी की जनसभा से भी विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा और दावा किया कि कुछ परिवार न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को, बल्कि पूरे देश को गुमराह कर रहे हैं। गौर करने की बात है कि विपक्ष के अनेक नेता यह कहते नहीं थकते थे कि जम्मू-कश्मीर से अगर अनुच्छेद 370 को हटाया गया, तो वहां कोहराम मच जाएगा। मगर अब यह इतिहास में दर्ज है कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया। इतना ही नहीं, जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा भी छिन गया। लद्दाख एक अलग केंद्रशासित प्रदेश हो गया। बेशक, आतंकवाद के निशाने पर रहे इस इलाके के शासन-प्रशासन में आमूल-चूल बदलाव जरूरी हो गया था, ताकि किसी भी तरह के अनुचित विरोध या हिंसा की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। कश्मीर में आतंकवाद भले पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ हो, लेकिन सरकार की रणनीतियां इस पूरे क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री ने अगर अब घाटी में अनुच्छेद 370 की उपयोगिता का प्रश्न उठाया है, तो वह गलत नहीं है। जो लोग वहां विकास की सीढ़ियां चढ़ने लगे हैं, जो लोग वहां अपने सपनों को साकार करने लगे हैं, वे सोच रहे होंगे कि उनके हाथ पहले ज्यादा मजबूत थे या अब हुए हैं? प्रधानमंत्री ने उचित ही याद दिलाया है कि एक युग था, जब गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जाती थीं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के भाई-बहन लाभ से वंचित रह जाते थे। अब समय बदल रहा है। कश्मीर में दो एम्स खुलने वाले हैं। शिक्षा और आरक्षण की सुविधा को बहाल किया गया है, वहां विकास तेज हुआ है। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री का यह दौरा लंबे समय तक याद किया जाएगा।

## सवालों के घेरे में

भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से इलेक्ट्रॉल बॉन्ड संबंधी सूचना देने की समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की है। उचित ही इस पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सवाल सीधे केंद्र सरकार की मंशा पर हैं। यह मानने का तो कोई आधार नहीं है कि याचिका देने का फैसला स्टेट बैंक ने स्वायत्त रूप से और व्यावहारिक कारणों से लिया। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधी मामले पर सुनवाई के दौरान खुद स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया था कि चंदादाताओं का विवरण सील किए लिफाफे में स्टेट बैंक की तयशुदा शाखाओं में रखा गया है।

उसने बताया था कि जब इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को भुनाया जाएगा, तब उनका पे-इन स्लिप भी सील्ड कवर में रखा जाएगा और उसे स्टेट बैंक की मुंबई शाखा को भेज दिया जाएगा। इसलिए यह तर्क नहीं टिकता कि स्टेट बैंक को चंदादाताओं की सूची तैयार करने और उसका मिलान करने के लिए और तीन महीने और चाहिए। आम समझ है कि यह ब्योरा पेश करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक को पर्याप्त समय दिया है।

मुद्दा इसलिए गरमा गया है, क्योंकि स्टेट बैंक ने यह सूचना देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उसके पहले देश में आम चुनाव निपट चुका होगा। जबकि कोर्ट की तरफ से दी गई समयसीमा यानी इसी महीने जानकारी सामने आने पर संबंधित सूचना चुनाव के दौरान चर्चा का एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। आखिर इससे पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने ने किसे कितना चंदा दिया। उसके बाद सिविल सोसायटी उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक यह आकलन करने की स्थिति में होगी कि क्या भाजपा को चंदा देने वालों को केंद्र ने कोई खास लाभ पहुंचाया है। इस तरह इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स को लेकर उठे कथित लेन-देन के संदेह का निवारण हो सकेगा। अगर सरकार का दामन पाक-साफ है, तो उसे यह सूचना यथाशीघ्र सार्वजनिक करनी चाहिए। वरना, इस योजना से संबंधित संदेह और गहराएंगे। दरअसल, स्टेट बैंक ने यह याचिका देकर सुप्रीम कोर्ट के सामने भी अग्निपरीक्षा जैसी स्थिति खड़ी कर दी है। कोर्ट के सामने अब अपने निर्णय की प्रभावशीलता के साथ-साथ अपनी साख की रक्षा करने की भी चुनौती है।

## ट्रंप एक परिघटना हैं

पहले से भी कोई शक नहीं था, लेकिन सुपर ट्यूजडे ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि डॉनल्ड ट्रंप अब अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के निर्विवाद नेता हैं। जिसे अमेरिकी राजनीति में ट्रंपिज्म (ट्रंपवाद) कहा जाता है, वही अब इस पार्टी की विचारधारा या पहचान है। सुपर ट्यूजडे को ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की उम्मीदवारी की होड़ में बचीं अकेली प्रतिद्वंद्वी निकी हेली पर एकतरफा जीत हासिल की।

अमेरिकी चुनाव के क्रम में मार्च के पहले मंगलवार को सुपर ट्यूजडे कहा जाता है। इसका खास महत्त्व होता है, क्योंकि इस रोज एक साथ 15 राज्यों में प्राइमरी (उम्मीदवार चुनने के लिए मतदान) का आयोजन होता है। कहा जा सकता है कि इस वर्ष पांच मार्च को ट्रंप की उम्मीदवारी पर रिपब्लिकन पार्टी की मुहर लग गई है।

अब यह लगभग तय है कि अगले पांच नवंबर को उनका सीधा मुकाबला राष्ट्रपति जो बाइडेन से होगा। अभी जो संकेत हैं, उनके मुताबिक तो उस मुकाबले में भी उनकी स्थिति का काफी मजबूत दिख रही है। छह में से पांच स्विंग राज्यों के जनमत सर्वेक्षणों में वे बाइडेन से आगे चल रहे हैं। ये वो छह राज्य हैं, जिन्होंने पिछले तीन चुनावों में पाला बदला है। उम्मीदवार चुनने की अब तक चली प्रक्रिया और ताजा जनमत सर्वेक्षणों से साफ है कि ट्रंप 2016 में अचानक एक उल्का की तरह सामने नहीं आ गए थे। बल्कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था एवं राजनीतिक जमीन में हुए बदलावों से बनी परिस्थितियों के परिणाम के रूप में उभरे। राज्य-व्यवस्था के प्रति बढ़ते गए जन असंतोष को उन्होंने गोलबंद किया।

चूंकि यह असंतोष और भी बढ़ता गया है, इसलिए ट्रंपिज्म एक मजबूत परिघटना बनी हुई है। यानी अमेरिका में जो नए माली और सियासी हालत बने, उनकी वजह से ट्रंप जैसी चरमपंथी सोच जमीनी स्तर पर व्यापकता एवं गहराई हासिल करती चली गई है।

> “ अपने यहां महिलाओं में वोट को लेकर भी जागृति पैदा हुई है। अब अनेक राज्यों में पुरुषों की तुलना में वे अधिक मताधिकार का इस्तेमाल करने लगी हैं। विभिन्न राजनीतिक दल अपने एजेंडे में महिलाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उनको अब टिकट भी अधिक दिया जा रहा है। नतीजतन, देश की पहली संसद में जहां 24 महिला सांसद थीं, वहीं वर्तमान में 78 हैं।

# बेटियों को हासिल होने लगी उड़ान

अनिता भटनागर जैन
पूर्व आइपीएस अधिकारी



लगातार मोबाइल की घंटी बज रही थी या वॉट्सएप पर महिला दिवस के कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण आ रहे थे। बस तीन दिन ही तो बाकी थे। अखबार खोला, तो पहले पेज पर समाचार था कि एक पिता ने कुल्हाड़ी से अपनी बेटी के टुकड़े-टुकड़े कर दिए, क्योंकि उसने विवाह करने के लिए मना कर दिया था। एक अन्य खबर थी, लड़की द्वारा दोस्ती का प्रस्ताव न स्वीकार करने पर लड़के ने उसके चेहरे पर तेजाब फेंका। क्या लड़की को अपने बारे में 'न' कहने का भी अधिकार नहीं है? क्या पिता को हक था कि वह बेटी का जीवन ले ले या लड़का उसके चेहरे को विकृत कर दे?

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है- 'इन्वेस्ट इन वुमेन: एक्सलरेट प्रोग्रेस', यानी महिला-कल्याण से जुड़े प्रयासों में निवेश करें और उनकी प्रगति को गति दें। हर साल महिला दिवस का विषय अलग होता है, पर उद्देश्य एक ही होता है कि दुनिया की सभी लड़कियों और महिलाओं को आत्मसम्मान, बराबरी, आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की आजादी मिले। इस बार आर्थिक पक्ष पर बल दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव का कहना है कि 2030 तक लक्षित 40 करोड़ रोजगार-सृजन में महिलाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

बेशक विश्व की 49.5 फीसदी आबादी महिलाओं की है, पर अनेक देशों में उनकी स्थिति बदतर है। दुनिया के कई हिस्सों में जारी युद्ध से हजारों परिवार विस्थापित होकर बिखर रहे हैं, इन सभी जगहों पर अधिकतम भुक्तभोगी महिलाएं ही हैं। कुछ देशों में, जहां कुछ वर्ष पूर्व तक महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त थी, वहां ये अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। आज जलवायु परिवर्तन के कारण कुदरती आपदाओं में लगातार वृद्धि हो रही है और लोग विस्थापित हो रहे हैं। यह कह सकते हैं कि आपदाएं लैंगिक भेदभाव नहीं करतीं, मगर पुरुषों की तुलना में इनका 14 गुना अधिक बुरा प्रभाव महिलाओं व बच्चों पर पड़ता है। इस मिश्रित पृष्ठभूमि में 2023 का नोबेल पुरस्कार (अर्थशास्त्र) क्लॉडिया गोल्डन को मिलना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह सम्मान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गोल्डन का कार्य आर्थिक सिद्धांतों के मानवीकरण से संबंधित था कि किन कारणों से मुख्यधारा में पुरुषों और महिलाओं के श्रम के परिणाम भिन्न होते हैं!

भारत में देखें, तो अब महिलाएं तमाम क्षेत्रों में इस पारंपरिक नजरिये को ध्वस्त कर रही हैं कि कुछ कार्य केवल पुरुष ही कर सकते हैं। इसके ज्वलंत उदाहरण हैं- विश्व के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन में पहली बार महिला डॉक्टर का नियुक्त होना, आईएनएस त्रिंकट युद्धपोत की कमांड महिला को सौंपना, नेवी में एक हजार अग्निवीर महिलाएं, जो सबमरीन में भी कार्य करेंगी, आईआईटी (मद्रास) के जंजीबार कैंपस की निदेशक महिला को बनाना, 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी को विशिष्ट अतिथि बनाना, महिलाओं की मोटरसाइकिल टीम द्वारा अद्भुत करतब दिखाना आदि।

अपने यहां महिलाओं में वोट को लेकर भी जागृति पैदा हुई है। अब अनेक राज्यों में पुरुषों की तुलना में वे अधिक मताधिकार का इस्तेमाल करने लगी हैं। विभिन्न राजनीतिक दल अपने एजेंडे में महिलाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उनको अब टिकट भी अधिक दिया जा रहा है। नतीजतन, देश की पहली संसद में जहां 24 महिला सांसद थीं, वहीं वर्तमान में 78 हैं। हालांकि, आम व्यक्ति के नजरिए को बदलना भी महत्वपूर्ण है। अब तो विशेषणों को भी महिलाओं और पुरुषों में बांट दिया गया है, जैसे- आकांक्षा, आत्मनिर्भरता, निश्चयात्मकता का उपयोग पुरुषों के लिए, और दयालु, उदार, करुणा, समानुभूति, बलिदान का उपयोग महिलाओं के लिए। परिवार और समाज में पर्यावरण और धार्मिक आयोजनों की मुख्य जिम्मेदारी भी महिलाओं की समझी जाती है।

यह सही है कि बहुत कुछ बदला है, पर काफी कुछ बदलना अभी शेष है। दहेज प्रथा आज भी जिंदा है। 'इंडिया ह्यूमन डेवलपमेंट सर्वे' के अनुसार, सिर्फ पांच प्रतिशत विवाह ही अंतर-जातीय है। बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 है, मगर माना जा रहा है कि कोरोना के बाद बाल विवाह में वृद्धि हुई है। महिला-पुरुष लिंगानुपात के मामले में नौ राज्यों में प्रत्येक हजार पुरुषों पर 900 महिलाएं भी नहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, प्रत्येक घंटे एक महिला दहेज की बेदी पर बलि चढ़ जाती है और दो का बलात्कार होता है। एक अन्य रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि बलात्कार के 99 फीसदी मामले दर्ज ही नहीं होते।

यह सब कैसे थमेगा? अपने घर-परिवार से ही बदलाव लाना होगा। न दहेज देना है, न लेना है, लड़कियों को अपने पैरों पर खड़ा करना है, उन्हें निर्णय की आजादी देनी है, लड़के-लड़कियों में फर्कखत्म करना है, बचपन से लड़कियों के प्रति लड़कों की मानसिकता सकारात्मक रूप से गढ़नी है, और लड़कियों को इस काबिल बनाना है कि वे अन्याय, हिंसा आदि के विरुद्ध मुखर हो सकें। सरकार की नीतियां व नियम बहुत हैं, इनको अमलीजामा हमें अपने घर और मुहल्ले में ही पहनाना है।

आइए, इस महिला दिवस पर हम उन महिलाओं के साहस को सम्मानित करें, जो हमारे ईद-गिर्द परिवारों-मोहल्लों में रहती हैं और अपने-अपने तरीके से रोजाना संघर्ष करके स्थितियां बदल रही हैं। वह लड़की, जिसने बलात्कार के बाद रिपोर्ट लिखवाने की हिम्मत की वह अशिक्षित मां, जिसने परिवार के विरुद्ध जाकर अपनी बेटी की शादी नहीं होने दी, बल्कि उसे पढ़ाया, वह विवाहिता, जिसने घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाई; वह दुल्हन, जिसने दहेज के लिए बारात वापस लौटा दी, वे लड़कियां, जिन्होंने अपमानजनक रिश्तों को तोड़ने की हिम्मत की, वे खिलाड़ी, जो परिवार-समाज की आलोचना के बावजूद मैदान में पहुंची, वह महिला, जिसने पैंट-शर्ट पहनकर सिक्योरिटी गार्ड का काम किया या फिर वे औरतें, जो घर और नौकरी के दोहरे दायित्व को बखूबी निभा रही हैं।

आज विश्व में 12 फीसदी, मगर अधिकतम महिला पायलट भारत में हैं। विकसित देशों से भी कहीं अधिक। आज लड़कियां आसमान में हवाई जहाज और फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं। हमें अपने घर की बच्चियों को पंख देना चाहिए। उन्हें उड़ने की आजादी देनी चाहिए। वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें, और उन्हें अपने जीवन के निर्णय लेने का अधिकार हो।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# महतारी वंदन योजनाः महिलाओं को मिली खुशियों की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दी गई गारंटी को पूरा कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार ने महिला सशक्तिकरण का एक नया रास्ता तैयार किया है। इससे महिलाओं में भारी उत्साह है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की पात्र विवाहित महिलाओं को 12 हजार रुपए वार्षिक भुगतान किये जाएंगे। इससे महिलाओं के खाते में हर माह डीबीटी के माध्यम से एक हजार रुपए आएंगे। इसका उपयोग वह अपनी जरूरत और इच्छा के अनुसार कर सकेंगी। इससे महिलाओं की छोटी-छोटी खुशियों को अब गारंटी मिल गई है।



महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 3,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इससे महिलाओं की न सिर्फ रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतें पूरी होंगी बल्कि उन्हें आर्थिक संबल भी मिलेगा। महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं के उत्साह का प्रमाण है कि 05 फरवरी को आवेदन करने के पहले ही दिन 1 लाख 81 हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया। दिन-प्रतिदिन योजना की लोकप्रियता के साथ फार्म भरने का सिलसिला भी बढ़ता रहा। योजना के तहत 20 फरवरी को अंतिम तिथि तक लगभग 70 लाख महिलाओं ने आवेदन जमा कर दिया। आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद हितग्राहियों को दावा आपत्ति के लिए समय दिया गया। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम सूची जारी कर दी गई है। अंतिम सूची के आधार पर पात्र महिला के खाते में मार्च माह में प्रथम बार राशि का अंतरण किया जाएगा। इससे छत्तीसगढ़ की लगभग 70 लाख पात्र महिलाओं को लाभ होगा।

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का सुचारू क्रियान्वयन हो और बड़ी संख्या में आवेदन करने वाली महिलों को असुविधा न हो इसका ध्यान रखते हुए पुख्ता व्यवस्था की गई। राज्य स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग को योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग बनाया गया। जिला स्तर पर कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्रों में आयुक्त नगर निगम और मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए। आवेदन के लिए ऑनलाईन पोर्टल https://mahtarivandan.cgstate.gov.in/ तथा मोबाईल एप बनाया गया।

पोर्टल में हितग्राहियों को आवेदन की स्थिति की जानकारी की सुविधा भी दी गई। साथ ही राज्य स्तर पर योजना से संबंधित समाधान के लिए टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 1800233448 भी जारी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा पात्रता संबंधी नियमों को बताने के लिए कर्मचारी नियुक्त किये गए। आंगनबाड़ी और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का भी आयोजन किया गया। घर-घर सर्वे कर फार्म भरवाए गए। इसके साथ ही प्रतिदिन राज्य स्तर पर योजना की समीक्षा और निगरानी की जा रही है।

महिलाएं विशेषकर विवाहित महिलाएं घर-परिवार की देखभाल, प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिलाएं अपनी छोटी-मोटी बचत का उपयोग ज्यादातर परिवार और बच्चों के पोषण में खर्च करती हैं। लेकिन आर्थिक मामलों में उनकी सहभागिता अभी भी बहुत कम है। इसे देखते हुए राज्य सरकार महिलाओं की आर्थिक सहभागिता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। महिलाओं के स्वास्थ्य की बात की जाए तो 2020-21 में हुए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के अनुसार 23.1 प्रतिशत महिलाएं मानक बॉडी मास इंडेक्स से कम स्तर पर हैं। 15 से 49 वर्ष के आयु की महिलाओं में एनीमिया का स्तर 60.8 प्रतिशत और गर्भवती महिलाओं में यह 51.8 प्रतिशत है। ऐसे में महतारी वंदन योजना उनके लिए बड़ी राहत बनकर आई हैं।

महिलाओं ने प्रतिमाह एक हजार रुपए मिलने से अपनी पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने की तैयारी भी कर ली है। धमतरी में रुद्री निवासी लोमेश्वरी ओझा कहती हैं कि मेरी छोटी-छोटी खुशियां इस राशि से पूरी होगी। मैं अपने बच्चों के लिए भी राशि खर्च कर सकूंगी। रायपुर की सविता साहू का कहना है कि कि तीज-त्यौहार में उन्हें, मायके से जो भेंट मिलती है, उसको वह मनचाहा खर्च करती हैं। ऐसे में मुझे मुख्यमंत्री साय भी भाई की तरह लग रहे हैं, जो हर महीने तीज की राशि हजार रुपए देंगे। यह राशि महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के साथ परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका के सुदृढ़ीकरण में भी सहायक साबित होगी।

महतारी वंदन योजना से मिली राशि से महिलाओं को परिवार के साथ खुद के स्वास्थ्य, पोषण और जीवन स्तर को उठाने का एक मजबूत आधार मिलेगा। महिलाओं की आर्थिक मजबूती से समाज में उनके प्रति भेदभाव में कमी और जागरूकता आएगी। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की आधी आबादी की आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

**-रीनू मिश्रा**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**

# मंगल के संकेतों में जीवन के मिल रहे सुराग

मुकुल व्यास



पृथ्वीवासियों को नासा के पर्सिवियरेंस रोवर द्वारा मंगल पर एकत्र किए गए नमूनों का इंतजार है क्योंकि इनमें लाल ग्रह पर प्राचीन जीवन के प्रमाण हो सकते हैं। नासा के रोवर ने पाया है कि मंगल ग्रह का जेजेरो क्रेटर किसी समय पानी से भरा हुआ था। इससे यह उम्मीद जगी है कि रोवर ने लाल ग्रह पर जीवाश्म जीवन का सबूत एकत्र कर लिया होगा। यह रोवर पहली बार फरवरी, 2021 में इंज्यूनिटी हेलीकॉप्टर के साथ क्रेटर पर उतरा था। रोवर ने जमीन में प्रविष्ट करने वाले रडार का उपयोग करके यह खोज की है। उसने एक झील से संबंधित तलछट की परतों का खुलासा किया है। यह झील बाद में एक विशाल डेल्टा में तब्दील होकर सूख गई। जब क्रेटर से एकत्र किए गए भूवैज्ञानिक नमूने पृथ्वी पर लौट आएंगे, तब शोधकर्ताओं को इस बात का सबूत मिल सकता है कि लाल ग्रह पर कभी प्राचीन जीवन पनपा था। पर्सिवियरेंस रोवर, पुरानी क्यूरियोसिटी रोवर के साथ, 48 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर को पार करके मंगल ग्रह की सतह पर प्राचीन जीवन के संकेतों की खोज कर रहा है और पृथ्वी पर वापसी के लिए चट्टान के दर्जनों नमूने एकत्र कर रहा है। तीन वर्षों तक रोवर के साथ इंज्यूनिटी हेलीकॉप्टर भी था जिसने 18 जनवरी को मंगल ग्रह की सतह पर अपनी 72वीं और अंतिम उड़ान भरी। कार के आकार की पर्सिवियरेंस रोवर सात वैज्ञानिक उपकरणों से लैस है, जिनमें से एक मंगल ग्रह की सतह के नीचे प्रयोग के लिए रडार इमेजर (रिमफैक्स) है। अपनी यात्रा के दौरान रोवर ने हर 10 सेंटीमीटर जमीन में रडार के जरिये मंगल के क्रेटर की सतह के नीचे लगभग 20 मीटर की गहराई से प्रतिबिंबित तरंगों का एक नक्शा बनाया।

अब इस रडार मानचित्र ने तलछट के अस्तित्व का खुलासा किया है। पिछले अध्ययनों में तलछट के बारे में संदेह उत्पन्न हुआ था लेकिन पहले कभी इसकी पुष्टि नहीं हुई थी। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक डेविड पेज ने कहा कि चट्टान के रिकॉर्ड में हम जो बदलाव देखते हैं, वे मंगल ग्रह के वातावरण में बड़े पैमाने पर हुए परिवर्तनों से प्रेरित हैं। अच्छी बात यह है कि हम इतने छोटे भौगोलिक क्षेत्र में परिवर्तन के इतने सारे सबूत देख सकते हैं, जो हमें अपने निष्कर्षों को पूरे क्रेटर के पैमाने तक विस्तारित करने की अनुमति देते हैं। चूंकि पृथ्वी पर जीवन पानी पर अत्यधिक निर्भर है। मंगल ग्रह पर पानी का सबूत इस बात का एक महत्वपूर्ण सुराग हो सकता है कि ग्रह पर कभी जीवन था या आज भी वहां जीवन हो सकता है। लेकिन हमारे दुर्गम पड़ोसी ग्रह पर जीवन के सबूत जुटाना अभी तक बहुत कठिन साबित हुआ है।

पर्सिवियरेंस द्वारा एकत्र कीमती सामान को पृथ्वी पर वापस लाने के लिए पर्सिवियरेंस रोवर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के सैंपल रिट्रीवल लैंडर के आगमन का इंतजार करेगी। इस अंतरिक्ष यान को एक छोटे रॉकेट के साथ पैक किया गया है। रोवर रॉकेट को पृथ्वी की ओर वापस दागे जाने से पहले इसमें चट्टान और मिट्टी के नमूनों को लोड करेगा। अंतरिक्ष में लांच किए जाने के बाद नमूने वाले रॉकेट को पृथ्वी पर वापसी की उड़ान के लिए ईएसए के अर्थ-रिटर्न ऑर्बिटर (ईआरओ) द्वारा एकत्र किया जाएगा। नासा ने शुरू में ईआरओ को 2026 में लांच करने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इस तारीख को 2028 तक खिसका दिया गया, जिसका अर्थ है कि ये नमूने जल्द से जल्द 2033 तक पृथ्वी पर वापस आ पाएंगे।

इस बीच, मंगल ग्रह की भूमध्य रेखा पर मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन क्षेत्र के एक नए रडार सर्वेक्षण से पता चला है कि वहां जमीन में दबी हुई जल-बर्फ की विशाल परतें मौजूद हैं जो कई किलोमीटर मोटी हैं। यह मंगल ग्रह के मध्य भाग के आसपास अब तक पाया गया सबसे अधिक पानी है। इससे जाहिर है कि लाल ग्रह पानी से उतना वंचित नहीं है जितना हमने सोचा था। वैज्ञानिकों का कहना है कि वहां उतना ही पानी दबा हुआ है, जितना पृथ्वी के लाल सागर में पाया जा सकता है। यदि इसे सतह पर लाकर पिघलाया जाए, तो यह मंगल को 1.5 से 2.7 मीटर गहरे उथले महासागर में ढक देगा। बर्फ के दबे हुए भंडार के संकेत पहली बार 2007 में 2.5 किलोमीटर की गहराई तक पाए गए थे, लेकिन तब वैज्ञानिकों को यह नहीं पता था कि ये भंडार किस चीज के हैं। नया डेटा मिलने और उस डेटा का विश्लेषण करने के लिए नए उपकरण उपलब्ध होने के बाद इन भंडारों की असलियत का पता चला।

स्मिथसोनियन इंस्टिट्यूशन के भूविज्ञानी थॉमस वॉटर्स ने बताया कि हमने मार्स एक्सप्रेस के मार्सिस रडार से नए डेटा का उपयोग करके मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन का फिर से सर्वेक्षण किया है। हमने पाया कि बर्फ के भंडार की मोटाई 3.7 किलोमीटर तक है जो हमारे पिछले अनुमान से अधिक है। रोमांचक बात यह है कि रडार सिग्नल उस चीज से मेल खाते हैं जो हम परतदार बर्फ से देखने की उम्मीद करते हैं। ये उन संकेतों के समान हैं जो हम मंगल की ध्रुवीय टोपियों में देखते हैं। हम जानते हैं कि ये टोपियां बर्फ से भरपूर हैं।

पिछले कुछ दशकों में जैसे-जैसे मंगल की खोज बढ़ी है, लाल ग्रह के बारे में हमारी पिछली समझ में भारी परिवर्तन हुआ है। जहां भी हम देखते हैं, मंगल ग्रह पर अतीत में सतह पर नदियों के रूप में पानी बहने, या झीलों या महासागरों में पानी जमा होने के प्रमाण दिखाई देते हैं। मंगल ग्रह पर अब कोई तरल पानी नहीं है। वह सारा पानी कहां गया, यह एक रहस्य बना हुआ है। क्या वह वाष्प के रूप में अंतरिक्ष में गायब हो गया, या क्या वह ग्रह के अंदर ही सिमट कर ऐसी जगह पहुंच गया है जहां हम उसे नहीं देख सकते? मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन में इस प्रश्न के कुछ उत्तर हो सकते हैं। वैज्ञानिक एक अन्य व्यावहारिक कारण से यह जानना चाहते हैं कि मंगल ग्रह पर पानी कहां मिलेगा। जब मनुष्यों को लाल ग्रह पर भेजा जाएगा, तो उन्हें जीवित रहने के लिए पानी की आवश्यकता होगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals

Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जगार 2024 का 10 मार्च शाम 7 बजे शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले इस हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। जगार 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य के सुप्रसिद्ध हस्तशिल्प बेलमेटल शिल्प (ढोकरा), लौह शिल्प, काष्ठ शिल्प, बांस शिल्प, कालीन शिल्प, शिशल शिल्प, गोदना शिल्प, तुमा शिल्प, टेराकोटा शिल्प, छींद-कांसा शिल्प की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हाथकरघा वस्त्रों में कोसा साड़ियाँ, दुपट्टा, सलवार सूट, ड्रेस मटेरियल एवं कॉटन बेडशीट, चादरें, ड्रेस मटेरियल, सर्टिंग एवं विभिन्न प्रकार की खादी रेडीमेड वस्त्रों आदि जगार का मुख्य आकर्षण रहेंगे। जगार में अन्य राज्यों से उत्तरप्रदेश लखनऊ की चिकनकारी, बनारसी साड़ी, ड्रेस मटेरियल, मध्यप्रदेश की चंदेरी, महेश्वरी साड़ियों एवं बाघ प्रिंट की ड्रेस मटेरियल एवं टिकमगढ़ का पीतल की मूर्तियाँ, पश्चिम बंगाल का जूटवर्क, कांथा वर्क तथा बंगाली साड़ियाँ सहित, पंजाब की फुलकारी एवं पंजाबी जुतियाँ, राजस्थान की चर्मशिल्प की मोजरी एवं एम्बाईडरी के सलवार सूट, दिल्ली की ज्वेलरी, हरियाणा पानीपत का बेडशीट, महाराष्ट्र के कोल्हापुरी चप्पल, बिहार के भागलपुरी ड्रेस मटेरियल, जम्मू कश्मीर के शॉल एवं साड़ियाँ इस प्रकार कुल 11 राज्यों के विभिन्न शिल्पकलाओं एवं हाथकरघा सामग्री का विशाल संग्रहण उपलब्ध रहेगा, जिसमें स्वयं शिल्पकार अपनी उन्नत शिल्पकला के हुनर का प्रदर्शन सह विक्रय करेंगे। जगार 2024 हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन 10 मार्च से 19 मार्च 2024 तक छत्तीसगढ़ हाट परिसर पंडरी, रायपुर में होगा, जिसमें प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### खाद्य मंत्री बघेल ने मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**रायपुर।** खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बेमेतरा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। डॉक्टरों को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों का बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रात में भी गंभीर मरीज आते है तो तत्काल उनका ईलाज करें। मरीजो को ईलाज में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उनके लिए पर्याप्त मात्रा में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। खाद्य मंत्री ने निरीक्षण के दौरान इलाज कराने आए मरीज़ों से बातचीत करके स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही मरीजों के लिए ज़रूरी सुविधाएं एवं संसाधनों की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। खाद्य मंत्री ने मरीजों के वार्ड, दवाई वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। मरीजों के लिए दी जाने वाली भोजन एवं नाश्ता आदि के गुणवत्ता की संबंध में जानकारी ली और मरीजों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। मंत्री बघेल ने चिकित्सकों को गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों के लिए पेयजल और कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।'इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती मंजू लता रात्रे, एस. डी. एम. मुकेश गोड़, सीएमओ नगर पंचायत टी.आर.चौहान साथ थे।

# आय में वृद्धि तथा जीवन में बदलाव लाने के लिए एकीकृत कृषि को अपनायें किसान-ओपी चौधरी

## उन्नत तकनीक, अच्छी ब्रीड के पशु-पक्षी एवं फसल उपयोग से कर सकते हैं अच्छी कमाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखंड रायगढ़ के ग्राम जुड़ा में नेशनल लाइवस्टॉक मिशन अन्तर्गत आयोजित जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में शामिल हुए। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने किसानो एवं पशु पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा ग्रामीण जीवन की अर्थव्यवस्था को सुधारने, किसानों की आय में वृद्धि करने एवं उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए हमें कृषि के साथ किए जाने वाले एकीकृत कृषि जैसे विधिक कार्य को बेहतर तरीके से करना होगा, जिससे ज्यादा कमाई हो सके। उन्होंने कहा कि धान के फसल से अधिक कमाई उद्यानिकी फसलों में है, किसानों को धान का पैसा मिल ही रहा है, तो हमें यह सोचना होगा कि धान से अधिक कमाई किस फसल या कार्य में है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं केले की खेती कर अच्छी कमाई कर रहे है। उन्होंने किसानों को अन्य उद्यानिकी फसलों की ओर ध्यान देने की बात कही, जिससे कृषकों के जीवन में बदलाव आए और आगे बढ़े।



वित्त मंत्री चौधरी ने मत्स्य पालकों के जीवन में आए बदलाव को किसानों के साथ साझा करते हुए किसानों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार पशुपालन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन से भी आज बहुत सारे लोगों की जिंदगी बदल चुकी हैं। अच्छी ब्रीड के गाय के पालन करने और तकनीक का उपयोग करने से ही हमें सफलता मिलेगी। इसलिए पशुपालन विभाग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि देश दुनिया में जितने भी तकनीक है। वह तकनीक हमारे किसान भाइयों तक पहुंचाए। विभाग के साथ हमारी भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि हम नई तकनीकी एवं ब्रीड, कार्यों की जानकारी लेने विभाग तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम माह में दो से तीन बार जिले की विभिन्न क्षेत्रों में होने चाहिए ताकि किसानों का उसका लाभ मिले। कृषि के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी काफी बढ़ चुकी है, जिससे अच्छी आय प्राप्त कर हमें अपने जीवन में बदलाव लाना चाहिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केलो डैम का पानी किसानों के खेतो तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है, साथ ही सपनाई डैम का पानी भी जल्द किसानों के खेत तक पहुंचेगा। रायगढ़ में हॉर्टिकल्चर कॉलेज, इंडोर स्टेडियम जैसे कार्य बजट प्रावधान में रखे गए हैं। हमें सब मिलकर समर्पित भाव से कार्य करना होगा तभी विकास होगा। इस दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत जुर्डा में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 2 शेड निर्माण का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, सूर्यकांत त्रिपाठी, उमेश अग्रवाल, सरपंच सूरत पटेल, सरपंच जयप्रकाश गुप्ता, सरपंच श्रीमती पदमा सिदार, सुकलाल चौहान, जयंत किशोर, टीकाराम पटेल, जानवी प्रधान, कल्याणी गुप्ता, सतीश बेहरा, ब्रजेश गुप्ता, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, उप संचालक पशुपालन डॉ.जे.एल.कुशवाहा, डॉ.धनीराम प्रधान, डॉ.सनत नायक, डॉ.वाई.पी.चन्द्रा, डॉ.अनिल सिंह, डॉ.डी.एन.चौधरी, डॉ.वि.अग्रवाल, डॉ.अनुपमा तरून, अवधेश पटेल, छविलाल यादव, डॉ.सी.एस.पटेल सहित गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विभाग द्वारा विभिन्न पशु-पक्षी तथा गाय के प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का वित्त मंत्री चौधरी ने अवलोकन किया, जहां विभाग द्वारा संकर बछिया, दुधारू गाय, स्वास्थ्य बछड़ा, बैल जोड़ी भैसा, भैंस, मुर्गा, बतख, जापानी बटेर, बकरा-बकरी, भेड़, सुकर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।

आयोजित कार्यक्रम में पौष्टिक हरा चारा में हाइब्रीड नेपियर, अजोला तथा बरसीम का प्रर्दशन किया गया। इसी प्रकार एकीकृत कृषि प्रणाली के संबंध में बताया गया कि किस प्रकार पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं कृषि कार्य को एकीकृत कृषि के रूप में एक साथ किया जा सकता है। जिसमें कम लागत में संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर परंपरागत खेती से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही इसमें एक फार्मिंग सिस्टम का बायो बेस्ट एवं बाय प्रोडक्ट दूसरे फार्मिंग सिस्टम के लिए कैसे संसाधन का कार्य करता है। इस दौरान पशु चारा संरक्षण विधि में जानकारी दी गई, जिसमे हे चारा, पैरा यूरिया उपचार सायलेज उपचार की विधियों की जानकारी दी गई कि किस प्रकार सूखे चारे का उपचार कर पशुओं के लिए स्वादिष्ट, पौष्टिक चारा उपलब्ध करवाया जा सकता हैं। आयोजित प्रतियोगिता के दौरान संकर बछिया में रामकुमार पटेल, केशव पटेल एवं समीर कंवर को पुरस्कृत किया गया।

जब लड़खड़ाती आवाज़ में जवान नरेंद्र ने बयां की शौर्य की दास्तान

# सुनकर भावुक हुए मुख्यमंत्री, दी एक लाख रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता राशि

### वीर जवानों के पराक्रम से हम सब हैं सुरक्षित, आपके शौर्य को नमन है- मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वो 12 अक्टूबर 2017 का दिन था। राजौरी- पुंछ में हमारी टुकड़ी गश्त पर निकली थी। पूरा इलाका पहाड़ी है। घात लगाकर छिपे आतंकवादियों ने अचानक हमला कर दिया। भारी गोली-बारी होने लगी। हमने तुरन्त जवाबी कार्यवाही की। एक आतकंवादी को मार गिराया। मगर आईईडी ब्लास्ट में अपने साथियों को खोया भी। मेरे सिर पर गोली लगी थी। सिर का एक हिस्सा ही अलग हो गया था। आप देख रहे हैं अभी भी मेरा सिर एक तरफ से दबा हुआ है।

जब अपनी लड़खड़ाती आवाज़ में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले से आए जवान श्री नरेंद्र ने अपने शौर्य की दास्तां मुख्यमंत्री को सुनाई तो मुख्यमंत्री साय भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने जवान श्री नरेंद्र से कहा कि आपको एक लाख रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता देंगे। आपने देश के लिए अपने जान की बाजी लगा दी। वीर जवानों के पराक्रम से हम सब सुरक्षित महसूस करते हैं। आपके शौर्य को नमन है। आपकी हरसंभव मदद करेंगे।



कल देर रात राज्य अतिथि गृह पहुना में कोरिया जिले के ग्राम -गणेशपुर के रहने वाले और भारतीय थल सेना के जवान नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को नरेन्द्र ने बताया कि सिर में गोली लगने के बाद मुझे जम्मू कमांड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। लगभग छह महीने तक मैं कोमा में रहा। होश आता जाता रहता था। याददाश्त चली गयी थी। हॉस्पिटल में मेरा परिवार एक हफ्ते तक रहा मगर मैं अपनी पत्नी तक को पहचान नहीं पाया। धीरे-धीरे हालत में सुधार हुआ। घटना के वक्त बारूद के कण शरीर के कई अंगों में घुस गए थे जो भी तक मेरे शरीर में हैं। सिर का आधा हिस्सा दब गया है। मेरी आवाज अब भी लड़खड़ाती है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जवान नरेंद्र के जज़्बे की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका देशसेवा का ये जज़्बा सभी के लिए प्रेरक है। ये बहुत गर्व की बात है कि आप छत्तीसगढ़ से हैं। राज्य के युवाओं को आपसे प्रेरणा मिलेगी। इतने गम्भीर जख्मों के बावजूद आपने हिम्मत नहीं हारी। आपके परिवारजन भी प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने आपके साथ इन तकलीफों को झेला है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती आरती मरपच्ची सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विशेष पिछड़ी जनजाति की स्व सहायता समूह की 64 महिलाएं दिल्ली रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरबा, कमार के स्व सहायता समूह के सदस्यों की 64 महिलाएं आज शाम हवाई जहाज से दिल्ली रवाना होंगी. सभी महिलाएं राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगी. वहां इन्हें अपने समूह के बनाए गए उपहार भेंट करेंगी. वहीं राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण करेंगी।

ये महिलाएं प्रदेश के अलग-अलग जिले कबीरधाम, बलरामपुर, रायगढ़, धमतरी, कोरबा, गरियाबंद और जशपुर के स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत हैं. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अपने समूह का संचालन कर अपनी आमदनी को बढ़ावा देकर स्वावलंबी बनने वाली इन महिलाओं को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर हवाई जहाज से दिल्ली ले जाया जा रहा है. आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निवास कार्यालय से महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत कर दिल्ली रवाना किया. उपमुख्यमंत्री ने उन्हें उपहार स्वरूप बैग, जैकेट और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का डिब्बा भेंट किया। उप मुख्यमंत्री से विजय शर्मा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति की 64 दीदियां राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने हवाई जहाज से जा रही है. ये महिलाएं राष्ट्रपति से मिलकर अपने समूहों के उत्पाद राष्ट्रपति को देंगी. दीदियां अमृत उद्यान, स्व सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद बिक्री के लिए बनाए गए बाजार और दिल्ली का भ्रमण करेंगी। छत्तीसगढ़ शासन ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उनको स्वावलंबी बनाने की दिशा में महिलाओं को अलग-अलग जगह पर मंच देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है. साथ ही उन्हें वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार भी किया जा रहा है।

# जनजातिय नायकों के जीवन वृत्तांत वाली प्रदर्शनी प्रेरणा का केंद्र-मंत्री कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, कौशल विकास और जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर में आयोजित ऐतिहासिक माता मावली मेला के दूसरे दिन माता मावली मंदिर एंव कोट गुड़ीन मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मेले में शामिल होकर मेले में लगे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। मंत्री कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि यहां जनजातिय नायकों के जीवन वृत्तांत वाली प्रदर्शनी प्रेरणा का केंद्र है।

मंत्री कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संस्कृति को जानने के लिए नारायणपुर के मावली माता मेला को जरूर देखें। उन्होंने मेले में उपस्थित लोगों से कहा कि अपने फेसबुक में मावली माता मेला का फोटो जरूर शेयर करें, जिससे विश्व प्रसिद्ध मावली माता मेला के बारे में आम जनों को जानने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मावली माता मेला के लिए जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। मंत्री कश्यप ने मेले में लगे देवी देवता के पूजा सामग्री दुकान से तोड़ी बजाकर देखा और खरीददारी की। उन्होंने पूजा सामग्री विक्रेताओं से जानकारी ली।




मंत्री कश्यप ने कहा कि बस्तर अंचल के लोगों का मड़ई-मेला, लोक-कला और संस्कृति का संगम है। यह मेला जिले की ऐतिहासिक और ख्याति प्राप्त मड़ई-मेला है। स्थानीय लोगों के सगे-संबंधी दूर-दूर से यहां की लोक-कला, संस्कृति, रीति-रिवाज और परम्पराओं से रूबरू होने प्रति वर्ष यहां आते हैं। कश्यप ने कहा कि यह मेला 5 दिनों तक चलेगा। यहां लोगों को और सैलानियां को इस मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलेगा। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता के आशीर्वाद से जिले में चौतरफा विकास हो रहा है।

# छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने में अपनाए गये नवाचार से मिले सुखद परिणाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** रामानुजनगर के विद्यालयों में प्रयोगात्मक तौर पर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए नित्य नए नवाचार अपने जा रहे हैं प्रारंभिक तौर पर इसके सुखद परिणाम देखने को मिला हैं इससे उत्साहित होकर विकासखंड के शिक्षा अधिकारियों ने 10 विद्यालय के स्थान पर मार्च में 70 विद्यालयो में लागू करने का निर्णय लिया है। गत 05 फरवरी को सीएसी बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज, बीआरसीसी हजारीलाल चक्रधारी एवं बीपीओ साक्षर भारत रविनाथ तिवारी से चर्चा कर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने समस्त सीएससी को मोबाइल कॉल सेंटर और नोटिस कॉर्नर का कॉन्सेप्ट दिया। रामानुजनगर के चुनिंदा 10 विद्यालय में फरवरी महीने में प्रयोग किया गया समीक्षा के दौरान मार्च में सुखद परिणाम मिले। 6 मार्च 2024 की सीएससी बैठक में सभी 35 संकुल के सीएससी को प्रत्येक संकुल से एक प्राथमिक शाला और एक माध्यमिक शाला का चुनाव करके इन दोनों कांसेप्ट को लागू करने का निर्देश दिया गया है। ही उत्साह पूर्वक उपस्थिति का परिणाम आया तो आगामी शिक्षा सत्र से पूरे विकासखंड रामानुजनगर के 216 प्राथमिक और 92 माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ शिक्षक डोर टू डोर पालक संपर्क करते है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### एडिशनल एसपी चंचल तिवारी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया

**रायपुर।** सालेम आईसीएससी इंग्लिश मीडियम स्कूल में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ढ्ढ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंचल तिवारी एडीशनल एसपी उपस्थित रही।

इस कार्यक्रम राइट रेव. एस. के. नंदा बिशप डायोसिस ऑफछत्तीसगढ़, नितिन लॉरेंस सचिव डायोसिस ऑफ छग डायसिस एवं जयदीप रॉबिन्सन कोषाध्यक्ष छग डायसिस रायपुर के दिशा निर्देशन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष जयदीप रॉबिनसन एवं प्राचार्य रूपीका लॉरेंस सालेम इंग्लिश स्कूल एवं प्राचार्य पल्लवी मिंज सेंट पॉल स्कूल रायपुर द्वारा पूरे रायपुर में महिलाओ व बच्चों के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने हेतु अडिशनल एसपी चंचल तिवारी को बुके देकर, शाल भेट कर, बैच लगाकर एवं विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चंचल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के इस कार्यक्रम का विशेष उद्देश्य महिलाएं आदर एवं सम्मान की पात्र हैं तथा यह जीवन के हर क्षेत्र में अपनी भूमिकाओं को बखूबी निभाती हैं। उन्होंने द्वारा सालेम इंग्लिश स्कूल, सालेम हिन्दी मीडियम स्कूल, सेंट पॉल इंग्लिश मीडियम तथा सालेम हिन्दी मीडियम के समस्त प्राचार्य रूपीका लॉरेंस प्राचार्य पल्लवी मिंज,बी शैलजा साया फाउंडेशन एवं पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड उड़ान एस सोसायटी रायपुर को नशा मुक्ती अभियान में महत्पूर्ण भूमिका निभाने हेतु

प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने समस्त 135 शिक्षिकाओं एवं कर्मचारी महिलाओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ डायोसिस रायपुर जोन के अंतर्गत आने वाले चारों स्कूलों के प्राचार्य पीवीटी सालेम इंग्लिश स्कूल सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, सालेम हिंदी स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार, सेंट पौल्स इंग्लिश स्कूल की प्रभारी प्राचार्या पी मिंज तथा सालेम हिंदी प्राइमरी शाला की हेड मिस्ट्रेट सुश्रीता लाल एवं समाजसेवी जॉन राजेश पॉल उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सालेम इंग्लिश स्कूल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शाला की शिक्षिका रीना ऐहसांन द्वारा किया गया। यह पूरा कार्यक्रम शाला की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

### छत्तीसगढ़ में मौसम रहेगा शुष्क, बढ़ेगा दिन का तापमान

**रायपुर।** अगले पांच दिनों में प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी। गुरुवार को प्रदेश भर में डोंगरगढ़ सबसे ज्यादा गर्म रहा, यहां का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री दर्ज किया गया। सोनहत (कोरिया) में प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री दर्ज किया गया।

तापमान में हो रही बढ़ोतरी से अब उमस भी बढ़ने लगी है। रायपुर सहित प्रदेश भर में गुरुवार को मौसम शुष्क रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री दर्ज किया गया,जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 15 मार्च तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक छू सकता है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान और ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

### टूट सकता है वर्ष 2022 का रिकार्ड

इस वर्ष मार्च में गर्मी का रिकार्ड टूट सकता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 15 मार्च के बाद से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद है और वर्ष 2022 मार्च में पड़ी गर्मी का रिकार्ड भी टूट सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा।

# युवा देशहित में समर्पण के साथ कार्य करें: राज्यपाल हरिचंदन

## राजभवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी संचालनालय के कैडेट्स का 'एट होम' कार्यक्रम संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में राजभवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी संचालनालय के कैडेट्स का 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बटालियन के वे एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए, जिन्होंने नई दिल्ली में इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, ब्रिगेडियर विक्रम सिंह चौहान वाईएसएम, विंग कमाण्डर विवेक कुमार, कर्नल प्रदीप सहित कैडेट्स के परिजन उपस्थित थे।




राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पूरे देश में 6 वां स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सैन्य अधिकारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से कैडेटों को प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया और उन्हें इस स्तर तक पहुंचाया।

श्री हरिचंदन ने एनसीसी कैडेट्स का आव्हान किया कि वे देशहित के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें और देश पर हमेशा गर्व करें। उन्होंने कहा कि वंचित वर्गो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल, भारत विश्व में अपना महत्व साबित कर रहा है बल्कि देश के अंदर भी सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 की संकल्पना के लिए युवाओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है जिससे देश के सभी युवा उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण देकर उन्हें सैन्य गतिविधियों से अवगत कराता है और अनुशासन बनाए रखते हुए एकता की भावना विकसित करता है। एनसीसी संगठन द्वारा आयोजित शिविरों और कार्यक्रमों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से आए कैडेट न केवल एक-दूसरे की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानते हैं बल्कि विदेशों में जाकर भारतीय संस्कृति का परिचय भी देते हैं, जो बेहद सराहनीय है। उन्होंने विशेष रूप से एनसीसी गर्ल्स बटालियन की सराहना की और कहा कि इसी प्रकार लड़कियों को परिजन द्वारा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने एनसीसी द्वारा विभिन्न साहसिक गतिविधियों, प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं में सहायता करने एवं सामाजिक कार्यों में भाग लिए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि कैडेट्स भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ नई उपलब्धियां हासिल करेंगे और देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

ब्रिगेडियर विक्रम सिंह चौहान वाईएसएम ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी संचालनालय की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बता कि राज्य में इसकी 16 यूनिट कार्यरत है जिसमे 2 यूनिट गर्ल्स कैडेट्स की है। राज्य में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 23000 से अधिक कैडेट्स जुड़े हुए हैं। जिसे बढ़ाने की कार्यवाही चल रही है। उन्होंने कहा कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत कैडेट्स दूसरे राज्यों में जाकर वहां की संस्कृति से परिचित होते हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

## उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टरों को निर्देश

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कलेक्टरों से कहा है कि जिले की स्थिति के अनुसार रणनीति बनाकर कार्य प्रारंभ करें। प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में समीक्षा कर सघन मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।

स्कूल शिक्षा सचिव द्वारा जिला कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की अनुशंसानुसार नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम को ULLAS (Understanding of Lifelong Learning for All in Society) के नाम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के पाँच प्रमुख घटक हैं- बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, जीवन कौशल (वित्तीय, डिजिटल, कानूनी, मतदान साक्षरता इत्यादि), व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा (समतुल्यता कार्यक्रम) और सतत् शिक्षा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा अब सभी के लिए शिक्षा के नाम से जाना जाएगा। यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों के लिए है। यह कार्यक्रम 2027 तक संचालित किया जाना है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की कार्यकारिणी के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होंगे।

जिला कलेक्टरों से कहा गया कि उल्लास केन्द्र के लिए स्कूल भवन का उपयोग किया जाए। 23 फरवरी 2024 को मोबाइल एप्प संबंधी व 26-28 फरवरी 2024 को जिले के अधिकारियों को भारत सरकार के एनआईसी और एनसीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिलों में 15 दिन के भीतर उल्लास मोबाइल एप पर शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे करा लिया जाए। उल्लास हेतु जिले में वातावरण निर्माण सतत् रूप से किया जाए। जिला, ब्लॉक साक्षरता मिशन के अधिकारियों-कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्य से मुक्त करते हुए इस कार्य को उच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जाएं। जहां मिशन के कर्मचारी नहीं है वहां शिक्षा विभाग के अमले को इस कार्य में संलग्न किया जाएं।

## सुकांति अपनी बेटियों की अच्छी शिक्षा के लिए राशि का करेगी उपयोग

महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राही की सूची में है शामिल



**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के साथ परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ होगी। योजनान्तर्गत स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

जगदलपुर जिले के ग्राम आडावाल निवासी सुकान्ति सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने की घोषणा के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा योजना के संबंध में मुहल्ले में जानकारी दी जा रही थी। सूचना मिलने के बाद इलाके के सामुदायिक केंद्र में लगे शिविर में महतारी वंदन योजना का आवेदन किया था। महतारी वंदन योजना के तहत चयनित होने से हितग्राही सुकांति सिंह बहुत उत्साहित हैं। दैनिक मजदूरी का कार्य करती है और अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। परिवार में दो बेटी एक पुत्र है, पति का देहांत कुछ वर्ष पूर्व हो गया है। आवेदन की जांच उपरांत उसका महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राही में नाम आया है। सुकांति ने बताया कि मिलने वाली राशि का उपयोग बेटियों की शिक्षा और परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए करेगी।

### राजिम कुंभ कल्प में वैष्णव नागाओं ने की निशान पूजा

## अस्त्र-शस्त्र के साथ किया शौर्य प्रदर्शन

**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प-2024 के 12वें दिन संत समागम स्थल में वैष्णव नागाओं ने अपनी पंथ परंपरा के अनुसार महंत नरेंद्र दास महाराज महासचिव अखिल भारतीय मंच रामानंदी अखाड़ा के नेतृत्व में निशान पूजा कर अपनी परम्परा का निर्वहन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत देश में कुल तेरह अखाड़े है जिसमें तीन अखाड़े वैष्णव संप्रदाय के है, ये तीनो अखाड़ो ने राजिम कुंभ में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें श्रीपंच निर्मोही अखाड़ा, श्रीपंच दिगंबर अनी अखाड़ा, श्रीपंच निर्वाणी अनी अखाड़ा के महंत नागा शामिल है। गौरतलब है कि कालांतर में जब देश में सनातन धर्म पर हमला हुआ, तब संतो की एक लड़ाकू फौज का गठन किया गया जिन्हें अस्त्र-शस्त्र की विद्या से रण कौशल की दीक्षा देकर इन्हें धर्म की रक्षा का दायित्व सौंपा गया। इन दलों के पास एक विशाल छड़ी में ध्वज होता था, जिसे



निशान कहते है। यह निशान अखाड़ो की मान्यता के अनुसार यह हनुमान जी का प्रतिनिधित्व करते हैं और इस निशान को हनुमान जी का आशीर्वाद मानकर उनके दिशा-निर्देश अनुसार सनातन धर्म की रक्षा के लिए युद्ध करते थे। इन अखाड़ों की सदियों पुरानी यह परंपरा आज भी बादस्तुर जारी है और इस परंपरा का निर्वहन कुंभ में पूजा अर्चना कर तथा संतो द्वारा शौर्य प्रदर्शन कर किया जाता है। नागा साधुओं ने इसी परंपरा का निर्वहन पूरे भव्यता और विधि-विधान के साथ राजिम कल्प कुंभ में कर रहे हैं। निशान पूजा के अवसर पर महंत नरेंद्र दास जी, महंत राधा मोहन दास, मंडलेश्वर राधेश्याम दास, महंत रामदास महाराज, महंत पवन दास, महंत श्यामबिहारी, महंत देवनाथ, महंत छबिराम, महंत संतदास, राजेश्वरानंद महाराज, महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास सहित बड़ी संख्या में अखाड़ों के महंत, साधु-संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# समय सीमा में संयंत्र नहीं लगाने वाले उद्योगों को तीन दिन के भीतर जारी करें नोटिस: उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन

- प्रदेश में शीघ्र की नई औद्योगिक नीति 2024-2029 लागू की जाएगी
- बैठक में अनुपस्थित नारायणपुर के महाप्रबंधक को शो-काज नोटिस जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग के नाम पर जमीन लेने के लिए बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को तीन दिन के भीतर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को सर्किट हाउस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों की बैठक लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित नारायणपुर के जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के प्रबंधक कमल सिंह मीणा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, संचालक उद्योग पी. अरूण प्रसाद, संयुक्त सचिव एवं अपर संचालक उद्योग अलोक त्रिवेदी, प्रवीण शुक्ला, संतोष भगत सहित जिलों से आए अधिकारी उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री देवांगन ने सभी जिलों से आए महाप्रबंधको को निर्देश देते हुए कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच है कि ज्यादा से ज्यादा हाथों में रोजगार हो, हमें रोजगार के साथ उनको काबिल भी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगे, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े। उद्योग मंत्री ने कहा कि जमीन आबंटन के बाद भी अगर उद्योग स्थापित नहीं हुए हैं, ऐसे उद्योगों के अधिकृत व्यक्ति को नोटिस जारी करें और अगर फिर भी उद्योग नहीं लगाया गया तो जमीन आबंटन निरस्त करने की कारवाई करें। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में उद्योग-धंधा सहायक हो सकता है। राज्य सरकार द्वारा शीघ्र की नई औद्योगिक नीति 2024-2029 लागू की जाएगी।

उद्योग मंत्री देवांगन ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा भी की। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा आवेदको स्वरोजगार के लिए लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। लोन पास करने के नाम पर बैंकर्स हितग्राहियों बैंकों के बार-बार चक्कर न लगवाएं। उद्योग विभाग के अधिकारी इस बात के विशेष ध्यान रखें।

### नए जिलों में योजना के क्रियान्वन पर विशेष ध्यान दें

मंत्री देवांगन ने नए जिलों में भी सभी योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नए जिलों में भी आवेदनों के निराकरण के लिए अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम करे। कैबिनेट मंत्री ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह योजना माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्त्वाकांक्षी योजना है, सभी 18 ट्रेड के हितग्राहियों को बेहतर तरीके से ट्रेनिंग दिलवाए।

उद्योग मंत्री ने कहा कि विभाग के अधिकारी शासन के विभिन्न योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करे, जिससे आम लोगों को इसका लाभ मिलें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से कार्य मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी अधिकारी एवं मैदानी क्षेत्रों पदस्थ अधिकारी बेहतर कार्य करें।

उद्योग मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदेश में स्थापित नवीन उद्योगों की स्थापना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री फॉर्मलाईजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राईजेस (पीएमएफएमई) योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विभिन्न अनुदान, छुट एवं रियायतों के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की और फ्री-होल्ड संबंधी प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण, उद्योंगों के लिए किए गए एमओयू की प्रगति, राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के कार्यों, वाष्पयंत्र निरीक्षणालय कार्यों, पंजीयक फॉर्म एवं संस्थाएं की समीक्षा की गई।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# फलों के सेवन से जुड़े आम भ्रम और उनकी सच्चाई

फल फाइबर, कैल्शियम, आयरन, विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-के जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं, जो सेहत को ढेरों लाभ पहुंचाते हैं। हालांकि, इंटरनेट पर फलों के सेवन को लेकर बहुत सारी गलत सूचनाएं वायरल होती रहती हैं, जिन्हें लोग सच मान लेते हैं, लेकिन इनकी सच्चाई कुछ और ही है। आइए आज हम आपको फलों को खाने से जुड़े कुछ भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं।

### भ्रम- फल हमेशा खाली पेट खाने चाहिए

शायद यह सबसे आम भ्रम है कि फल हमेशा खाली पेट खाने चाहिए, लेकिन यह बात सच से कोसों दूर है। सच्चाई तो यह है कि फल किसी भी समय खाए जा सकते हैं, लेकिन खाने के साथ इनका सेवन करना गलत माना जाता है। इसका कारण है कि भोजन के साथ फल खाने से पाचन की गति धीमी हो जाती है और यह ढंग से पच नहीं पाते हैं।

### भ्रम- खाने से पहले या बाद में फल खाने से इनका पोषण खत्म हो जाता है

अगर आपका मानना है कि खाने से पहले और बाद में फल खाने से इनका पोषण खत्म हो जाता है तो बता दें कि यह भी एक गलत धारणा है। सच्चाई बस इतनी है कि भोजन के आसपास फल खाने से मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है। सुबह जल्दी या भोजन के बीच में पर्याप्त अंतराल रखते हुए फल खाना आदर्श है और अगर आपको आंत से जुड़ी कोई समस्या नहीं है तो आप फलों के कुछ टुकड़े भी खा सकते हैं।

### भ्रम- फलों की मिठास सेहत को नुकसान पहुंचाती है

अगर आप इस वजह से फलों का सेवन नहीं करते हैं कि इसमें बहुत अधिक मिठास होती है, जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है तो आपको बता दें कि यह सिर्फ एक भ्रम है। सच बात तो यह है कि फलों में फ्रूक्टोज और विटामिन-बी की भरपूर मात्रा शामिल होती है। ये ऐसे पोषक तत्व हैं, जो प्राकृतिक चीनी का एक अच्छा स्त्रोत माने जाते हैं और इनसे सेहत पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।

### भ्रम- मधुमेह रोगियों को फल नहीं खाने चाहिए

फल से जुड़ा एक भ्रम यह भी है कि इनका सेवन मधुमेह रोगियों को नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे उनकी मधुमेह की समस्या बढ़ जाती है, जबकि यह एक गलत तथ्य है। विशेषज्ञों की मानें तो मधुमेह रोगियों के लिए 55 से कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फलों का सेवन लाभदायक होता है। अगर मधुमेह रोगी सीमित मात्रा में फलों का सेवन करें तो इससे उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।



### भ्रम- फल खाने से शरीर में गर्माहट उत्पन्न होती है

कई लोगों का यह मानना है कि फल खाने से शरीर में गर्माहट उत्पन्न होने लगती है, लेकिन इस बात की सच्चाई से लोग अनजान हैं। दरअसल, कुछ फलों के छिलके में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में गर्माहट का कारण बनता है। अगर फल खाने से पहले उन्हें ठंडे पानी में एक-डेढ़ घंटे तक भिगोकर रख दें तो इस पर मौजूद फाइटिक एसिड धुल जाता है और शरीर को फलों के सेवन से ठंडक मिलती है।

## सोनाक्षी सिन्हा के हाथ लगी विशाल राणा की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म, अभिनेत्री ने जताई खुशी



सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज से पहले सोनाक्षी के हाथ विशाल राणा की फिल्म लगी है, जिसका शीर्षक फिलहाल तय नहीं है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान करण रावल ने संभाली है। फिल्म की कहानी रोमांस और थ्रिल से भरपूर होगी।

सोनाक्षी ने करण और विशाल के साथ तस्वीर साझा खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, जब तीन लोग, जो अपने काम से प्यार करते हैं, उसके प्रति जुनूनी होते हैं और दर्शकों को रोमांचित करने के लिए एक साथ आते हैं तो आपको एक रोमांटिक थ्रिलर मिलती है। इस फिल्म में एक ऐसा मोड़ होगा, जिसे आप नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने लिखा, निर्माता विशाल राण और निर्देशक करण रावल के साथ एक फिल्म पर सहयोग करने में खुशी हो रही है।

सोनाक्षी ने कहा, यह इकोलोन प्रोडक्शंस के साथ मेरा पहला प्रोजेक्ट है और मैं हमेशा नई और रोमांचक भूमिकाएं निभाने की तलाश में रहती हूं। यह मेरे लिए एक और अनजान शैली है, इसलिए मैं इस रोमांचक भूमिका में उतरने के लिए बेताब हूँ। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। फिल्म के अन्य विवरण अभी गुप्त हैं।

राणा ने बताया- मैं ऐसी अद्भुत टीम के साथ यह यात्रा शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। सोनाक्षी और करण जैसी प्रतिभाओं के साथ काम करना वाकई रोमांचक है। मैं स्क्रीन पर हमारे विजन को जीवंत होते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। यह एक रोमांचक साहसिक काम की शुरुआत भर है। मैं और इंतजार नहीं कर सकता! करण रावल इससे पहले 2020 में विक्रांत मैसी और नसीरुद्दीन शाह अभिनीत हाफ फुल का निर्देशन कर चुके हैं।



# आयशा शर्मा ने शेयर कीं दिलकश तस्वीरें, व्हाइट टॉप और लाइट ब्लू डेनिम में ढा रहीं हुस्न का जलवा

बॉलीवुड अभिनेत्री आयशा शर्मा इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से धमाल मचा रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक तस्वीर सीरीज साझा की है, जिसमें वह व्हाइट टॉप और लाइट ब्लू डेनिम में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। तस्वीरों में आयशा शर्मा खुले बालों और लाइट मेकअप के साथ नजर आ रही हैं। उनका पोज कॉन्फिडेंट और स्टाइलिश है, जिसने उनके फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है। आयशा शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। वह अपने फैशन सेंस और स्टाइल के लिए भी जानी जाती हैं।

सफेद रंग में आयशा शर्मा कमाल कर रही हैं। एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री और मॉडल आयशा शर्मा अपनी शानदार इंस्टाग्राम तस्वीरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं।

एक हालिया पोस्ट में, वह एक सफेद बनियन और नीली डेनिम पहने हुए एक लापरवाह माहौल का अनुभव कर रही है, जबकि वह एक कुर्सी पर बैठी हुई है और उसके बाल खुले में लहरा रहे हैं। कैप्शन, एस्प्रेसो के ट्रिपल शॉट से भी अधिक मजबूत, छवि में मजबूती का स्पर्श जोड़ता है, और इसके प्रभाव को बढ़ाता है। इन मनमोहक छवियों का श्रेय लेरोफोटो को जाता है, जिसमें मेकअप और हेयरस्टाइल प्रियंका चौरसिया ने कुशलता से किया है।

मनोरंजन उद्योग में आयशा शर्मा की यात्रा उनकी इंस्टाग्राम उपस्थिति जितनी ही प्रभावशाली है। हिंदी एक्शन थ्रिलर सत्यमेव जयते (2018) में अभिनय की शुरुआत करने से पहले उन्हें पहली बार आयुष्मान खुराना के संगीत वीडियो, इक वारी से पहचान मिली, जहां उन्होंने जॉन अब्राहम और मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन साझा की। अपने अभिनय करियर से पहले, शर्मा ने एक मॉडल के रूप में शुरुआत की और लैक्मे, पेप्सी और कैंपस शूज जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों का चेहरा बनीं। उनका मॉडलिंग करियर 2016 में बढ़ गया जब उन्हें किंगफिशर कैलेंडर गर्ल्स में से एक के रूप में चित्रित किया गया, जिससे फैशन उद्योग में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई। आयशा शर्मा की बहुमुखी प्रतिभा और मनमोहक उपस्थिति उन्हें मनोरंजन और फैशन दोनों ही दुनिया में अलग बनाए रखती है।

## फिल्म मैदान का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज फुटबॉल कोच की भूमिका में जमे अजय देवगन

अजय देवगन की फिल्म मैदान को लेकर काफी चर्चा बनी हुई है। अब आखिरकार मेकर्स ने लंबे इंतजार के बाद फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देखने के बाद फिल्म के लिए काफी उत्सुकता बढ़ गई है। डायरेक्टर अमित शर्मा मैदान के साथ इस बार स्पोर्ट्स ड्रामा पर दांव खेलने जा रहे हैं। वहीं, 2 मिनट 43 सेकंड के इस ट्रेलर में अजय देवगन फिर से अपने दमदार अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए बिल्कुल तैयार है।

बीते बुधवार को मेकर्स ने मैदान का टीजर जारी करते हुए इसके ट्रेलर का ऐलान किया था। इसके बाद से ही सुबह से फैंस इसका इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर में 1952 से लेकर 1962 तक का दौर दिखाया गया है।

इस समय को भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। सच्ची घटना पर आधारित मैदान में फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष को दिखाया गया है। उनके बाद ही भारतीय टीम ने एशियाई गेम्स में कई गोल्ड मेडल अपने नाम किए।

फिल्म में अजय देवगन को पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभाते हुए देखा जा रहा है। अब मैदान के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता बढ़ा दी है।

# गर्दन में हो रहा है दर्द, गर्म या ठंडी सिंकाई, क्या करने से मिलेगा आराम?



दर्द दूर करने में सिंकाई बेहद कारगर होती है। सिंकाई दो तरह की होती है। पहली गर्म और दूसरी ठंडी सिंकाई। दोनों सिंकाई का काम अलग-अलग होता है। कई बार गर्दन में दर्द होने के बाद समझ नहीं आता कि गर्म सिंकाई करें या ठंडी। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसे लेकर कोई प्रमाण नहीं है कि किसी भी दर्द के लिए हीट थेरेपी बेहतर है या कोल्ड थेरेपी। हालांकि, नई चोट और सूजन पर ठंडी सिंकाई की सलाह दी जाती है। जबकि सूजन कम होने, कठोरता और तनाव को कम करने के लिए गर्म सिंकाई की जाती है।

### गर्दन में दर्द के लिए कौन सी थेरेपी बेहतर

एक रिसर्च के मुताबिक, गर्दन में दर्द के लिए हॉट और कोल्ड दोनों सिंकाई बेहतर होती है। आमतौर पर एक्यूट नेक इंजरी, गर्दन में मांसपेशियों पर दबाव, सूजन, एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों की राहत के लिए आईस यानी कोल्ड थेरेपी की सलाह दी जाती है। वहीं, दूसरी तरफ हॉट थेरेपी यानी गर्म सिंकाई से सूजन कम हो जाने के बाद पुरानी या बार-बार गर्दन में अकड़न, स्ट्रेचिंग या एक्सरसाइज से पहले मांसपेशियों के वॉर्मअप की सलाह दी जाती है।

### हॉट थेरेपी और कोल्ड थेरेपी पहले कौन

कुछ रिसर्च में बताया गया है कि एक्सरसाइज के 24 घंटे में ठंडी सिंकाई करना दर्द को कम कर सकता है। हालांकि, गर्दन में दर्द की एक नहीं कई वजहें हो सकती हैं। इसलिए दोनों में किसी एक को बेहतर कहना सही नहीं होगा। बेहतर परिणामों के लिए बारी-बारी दोनों को करना चाहिए। जिससे गर्दन को ज्यादा आराम मिले, उसे चुनना चाहिए। हालांकि, किसी भी सिंकाई को 20 मिनट से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

### किस काम आती है ठंडी सिंकाई

ठंडी सिकाई में रक्त वाहिकाओं को संकुचित करके, परिसंचरण को धीमा करने और सूजन कम करके नई चोट से होने वाले अचानक दर्द से राहत मिलती है। कोल्ड थेरेपी को मांसपेशियों की ऐंठन और तेज दर्द में बेहतर माना जाता है। गर्दन में दर्द या खिंचाव के कारण बेड रेस्ट पर हैं, इसके लिए एक्सपर्ट्स कोल्ड थेरेपी को बेहतर बताते हैं।

### हॉट थेरेपी किस लिए बेहतर

गर्म सिंकाई परिसंचरण में सुधार कर पुरानी कठोरता और तंग मांसपेशियों की परेशानी से राहत देने में मदद करता है। इसकी मदद से ज्यादा पोषक तत्व और ऑक्सीजन पहुंचाया जा सकता है। इससे दर्द से निजात मिल सकता है। इस थेरेपी से मांसपेशियों को ढीला करने और ऊतकों को ज्यादा लचीला बनाने में भी मदद करती है। रोजमर्रा का काम करने वालों को एक्सपर्ट्स गर्म सिंकाई की सलाह देते हैं।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को दूर करने में अहम भूमिका निभा रही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना - वित्त मंत्री

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी सामूहिक विवाह में हुए शामिल, पुष्प वर्षा कर नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत आज रायगढ़ जिले में 291 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाटी स्टेडियम में आयोजित 84 जोड़ो के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए एवं नवदपत्तियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किए। सामूहिक विवाह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने नव विवाहित जोड़ों को पुष्प वर्षा कर वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए रायगढ़ में विवाहित सभी 84 जोड़ों को अपनी ओर से 5-5 हजार रुपये की स्वेच्छा अनुदान राशि देने की भी घोषणा की।**



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों की शादी कराने के साथ ही दहेज प्रथा जैसे सामाजिक बुराई को दूर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की जा रही है।

जिसके तहत प्रदेश में लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आज विवाह में शामिल सभी नवदंपत्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सामूहिक विवाह में आगे आकर समाज को एक अनुकरणीय संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज विवाह बंधन में बंधे सभी बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ लेने का आग्रह किया, जिससे उन्हें सालाना 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि आज विवाह में शामिल सभी नवजोड़ों को राज्य शासन की ओर से 21-21 हजार रूपये की सहायता राशि दी जा रही है। इस मौके पर उन्होंने नवदंपत्तियों को सहायता राशि का चेक भी वितरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, राधेश्याम राठिया, विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, पूनम दिबेश सोलंकी, सुभाष पाण्डेय,कौशलेष मिश्रा, श्रीकांत सोमावार, रत्थू गुप्ता, सुरेश गोयल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, डीपीओ एल.आर.कच्छप उपस्थित रहे। जिले के खरसिया, घरघोड़ा एवं तमनार बंजारी मंदिर में 28-28 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। इसी तरह धरमजयगढ़ में 56 जोड़े तथा लैलूंगा में 67 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। रायगढ़ में विवाहित जोड़ों को दिव्य शक्ति संस्था रायगढ़ एवं जय मां दुर्गा सेवा अमृत वाणी सेवा समिति द्वारा भी उपहार दिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को कन्या के विवाह के संदर्भ में होने वाली आर्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाले फिजूलखर्ची को रोकना एवं सादगीपूर्ण विवाहों को बढ़ावा देने, सामूहिक विवाहों के आयोजन के माध्यम से मनोबल/आत्मसम्मान में वृद्धि एवं उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार, सामूहिक विवाहों का प्रोत्साहन तथा विवाहों में दहेज के लेन-देन की रोकथाम करना है।

छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कन्या विवाह योजना का संचालन किया जाता है। शासन द्वारा कन्या विवाह में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक जोड़ो को 50 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत किया जाता है, जिसमें से 21 हजार रुपये कन्या को वित्तीय सहायता के रूप में बैंक खाते के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाता है। इसी तरह 15 हजार रूपये का उपहार सामग्री, 6 हजार रुपये का वर-वधु का श्रृंगार एवं वस्त्र इत्यादि तथा 8 हजार रूपये विवाह के आयोजन पर व्यय किया जाता है। इस तरह प्रत्येक जोड़ो को 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की जाती है।

# खास खबर

## नेशनल लोक अदालत कल

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन के लिए तिथि निर्धारित की गयी है। जिसके तहत 9 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर एवं 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मार्च 2024 को पूरे प्रदेश में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहाद्रपूर्ण माहौल में किया जाएगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार द्वारा संबंधित न्यायाधीशों, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**सुकमा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार एवम् कलेक्टर हरिस एस. सुकमा के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निपुण भारत योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 तक प्राथमिक शालाओं के बच्चों में भाषा, गणित में दक्ष हासिल करने व मूलभूत साक्षरता एंव संख्यात्मक ज्ञान(एफएल एन) लक्ष्य अनुसार जिला स्तरीय ई-जादूई पिटारा दो दिवसीय दो चरणों में 04 से 07 मार्च 2024 ,प्राथमिक शालाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को जिला अंतर्गत 4 जोन में सुकमा, कोन्टा, छिन्दगढ एंव दोरनापाल में विभाजित कर राज्य द्वारा दी लक्ष्य अनुरुप प्रशिक्षण दिया गया। बच्चें खिलौने के प्रति ज्यादा आकर्षित होते हे एवम् खिलौने के माध्यम से बच्चों में लर्निंग आऊटकम सिखने के लिए खिलौना बहुत अच्छा साधन है इसी पर आधारित प्रशिक्षण शिक्षकों को दिया गया स। जिसमें तरह-तरह के खिलौने निर्माण कर गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शन करने की कला सिखाई गयी। इस दौरान प्रशिक्षण की मानिटरिंग करने पंहुचे नितिन डडसेना जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा ने बाल्य शिक्षा शिक्षाशास्त्र के बारे विस्तृत रुप दी।

## राजिम कुंभ कल्प मेला का मंच स्थानीय कलाकारों के लिए बना वरदान

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के 13वें दिन स्थानीय कलाकारों के लिए बने मंच में कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति भैसमुंडी के ममता सेन और साथियो ने मानस प्रसंग की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जामगांव के लोकराम साहू ने रामायण के अंतर्गत राम भगवान के बाल लीलाओं का व्याख्यान किया। सेमरा के चंद्रहास साहू ने परंपरागत वेशभूषा धारण किए राउत नृत्य की प्रस्तुति दी। भटगांव धमतरी के मिथलेश गजेन्द्र ने मानस भजन की प्रस्तुति दी। बरबाहरा गरियाबंद के लेखपाल साहू ने भी भजन संध्या के माध्यम से राम न चले हनुमान के बिना..... जैसो गीतों की प्रस्तुति दे कर भक्तिमय माहौल बना दिया। बारूला फिंगेश्वर के चंद्रप्रकाश मारकंडे ने मंगल भजन की प्रस्तुति दी गई जिसमें घासीदास बाबा के रास्ते में चलने के संदेश गीत के माध्यम से दी। कौशल साहू कवर्धा में लाफ्टर शो प्रस्तुत कर दर्शकों को लोटपोट कर दिया। गोपर भाटापारा नीलकंठ साहू खंजेरी वादन गायन की प्रस्तुति दी।

# ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए - कलेक्टर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले के सभी गांवों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की कमी से संबंधित कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलों के माध्यम से पेयजल घरों तक उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत प्रारंभ सभी कार्यों को पूरा करने का कार्य तेजी से करें और इसमें प्रगति लाएं। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे जल जीवन मिशन कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के हेण्डपंप के सुधार के कार्यों को 15 मार्च से अभियान चलाकर करने कहा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होगी। जिन गांवों में पेयजल के संबंध में ज्यादा समस्या आ रही हो वहां स्वयं जाकर देखकर निराकरण करें। उन्होंने जिले के सभी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा कर पेयजल की समस्याओं का निराकरण करने पर जोर दिया।

कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा आबंटित कार्यों पूर्ण करने हेतु समयावृद्धि की मांग की थी, जिस पर समिति द्वारा अर्थदंड अधिरोपित करते हुए समयावृद्धि प्रदान की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत संचालित प्रगतिरत सभी कार्यों की निरंतर मानिटरिंग करते रहे।

इसके अलावा जहां कही भी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने सभी जनपद कार्यालयों में एक शिकायत रजिस्टर रखने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में होनी वाली समस्याओं का पता चल रहे और समय पर उसका निराकरण किया जा सके।

# मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतान नजदीकी च्वाईस सेंटर से एवं जिलों के विकासखंडों में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्रों एवं जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक अथवा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो संतानों व दत्तक संतानों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए न्यूनतम 4 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र हितग्राही प्रतिभाशाली होने के बावजूद आर्थिक सहायता के अभाव में प्रतियोगिता परीक्षाओं को पूर्ण करने में असमर्थ होते है। उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप शासकीय सेवाओं में प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कोचिंग उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सामाजिक श्रेणीगत परिवर्तन के अवसर उपलब्ध कराना और सशक्त बनाया जाकर समाज के विकास की मुख्य धारा में जोड़ना है। इसके अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतानों को उनके शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे पीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती परीक्षा अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 04 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए नि:शुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## जिले के दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**बालोद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके के मार्गदर्शन में जिले के दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके ने बताया कि दवा विक्रेताओं का एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला में टी.बी. जॉच हेतु टी.बी. सस्पेक्ट रेफरल तथा रजिस्टेंस टी.बी. का जोखिम बढ़ाने वाले कारणों पर चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री क्षय मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दवा विक्रेता संघ के द्वारा निक्षय मित्र बनकर 03 टी.बी.मरीजों को पोषण आहार किट भी प्रदान किया गया। उइके ने बताया कि पोषण आहार किट में सोयाबीन तेल, फलीदाना, गुड, मिश्रित दाल, सोयाबीन और दलिया आदि सामाग्री टीबी मरीजों को 06 माह तक दिया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ में लोजपा ने दिया भाजपा को समर्थन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए के मजबूत गठबंधन के राहयोगी दल के रूप में वर्ष 2014 से लगातार कार्य करते आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ में भी भाजपा गठबंधन को प्रचंड बहुत से जीत सुनिश्चित करने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री भारत सरकार पशुपति कुमार पारस के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (छत्तीसगढ़), महिला सेल, युवा विंग, जनशक्ति गजदूर सभा, किसान सेल, दलित रोना के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण समर्थन देंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में लोजपा काम करेगी। इसके लिए सभी लोकसभा सीटों पर प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है। लोक सभा क्षेत्र सरगुजा से अजीत कुमार सिंह, रायगढ़ से सुजीत कुमार, कोरबा से धीरेन्द्र प्रताप सिंह, बस्तर से ममवती ठाकुर, जांजगीर चांपा से दया कृष्ण बंजारे, महासमुन्द से डॉ राकेश चौधरी, रायपुर से हर्ष गजभिये, राजनांदगांव से विष्णु केशरवानी, दुर्ग से महेन्द्र निर्मल, कांकेर से दिनेश कुमार ठाकुर तथा बिलासपुर से देवेन्द्र शर्मा को प्रभारी बनाया गया है।

# लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिले हमारी प्राथमिकता - ओपी चौधरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज विकासखंड पुसौर में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार करते हुए जन सामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2.65 करोड़ की लागत से तैयार नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन सहित 3 करोड़ 70 लाख 48 हजार रुपये के लागत के कुल 9 कार्यों का लोकार्पण किया।**



वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने उपस्थित जनों के साथ पूरे क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इतना अच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ है और आज से ही ओपीडी शुरू हो गया है। अस्पताल को जितने संसाधनों की आवश्यकता होगी उसे प्राथमिकता से प्रदान किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर, नर्स स्टाफ ईमानदारी व समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए अस्पताल को एक मॉडर्न अस्पताल के रूप में स्थापित करें। आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही अन्य स्थानों में प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 6 बिस्तर वार्ड का लोकार्पण हुआ है। इसके साथ उन्होंने बताया कि 321 विद्यार्थियों को शिक्षण प्रोत्साहन के लिए 3-3 हजार रुपये की राशि दिए जाने की घोषणा की और विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हॉस्पिटल के लिए एम्बुलेंस एवं शव वाहन के साथ ही ऑपरेशन थियेटर के समान एवं आर्थो डॉक्टर की मांग पर जल्द स्वीकृति की बात कही। इस दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर के साथ 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 03 उप स्वास्थ्य केन्द्र में नव निर्मित 06 बिस्तरीय वार्ड का भी लोकार्पण किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर के 03 कार्य शामिल है। जिसमें 2 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से नवीन भवन निर्माण, प्रदूषित पानी की सफाई हेतु 11 लाख 50 हजार रूपए की लागत से ईटीपी (इफ्यूलेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट), 35 लाख रूपए की लागत से 20 बिस्तरीय वार्ड शामिल हैं।

इसी प्रकार 9 लाख 83 हजार रुपये की लागत से 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 03 उप स्वास्थ्य केन्द्र में 06 बिस्तरीय वार्ड का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल,राधेश्याम राठिया, अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर रितेश थवाईत, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर सुशील भोई, विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, जगन्नाथ पाणिग्राही, मोहन सतपथी, उमेश साव,गौरांग साव, त्रिनाथ गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सीएमएचओ डॉ.मंडावी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### युवती का दैहिक शोषण कर गर्भपात कराने वाला आरक्षक गिरफ्तार

**कोरबा (ए)।** शादी का झांसा देकर सात साल तक दैहिक शोषण व दो बार गर्भपात कराने वाले आरक्षक को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरक्षक पर सगाई कर दहेज में चार लाख नगद, सोने की अंगूठी, चेन और बुलेट भी लिया, पर बाद में शादी नहीं करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कोरबा एसपी शिकायत की थी। युवती कहा था कि बुधवारी निवासी आरक्षक विकास केशरवानी से सात साल पहले उसके पिता के दुकान में मुलाकात हुई और फिर दोस्ती हो गई। इस दौरान आरक्षक ने शादी करने का वादा किया और सगाई की। उसने कोर्ट में ले जाकर स्टांप में लिखा पढ़ी भी कराई। पीड़िता ने बताया कि सगाई में सामान लेने के बाद वह उससे संबंध भी बनाता रहा। उसका कहना था कि शादी तो होने ही वाली है। इस बीच वह गर्भवती हो गई, उसने दो बार गर्भपात भी कराया। उसने बताया कि आरक्षक विकास का दूसरी युवती के साथ प्रेम चल रहा है। उसके साथ भी आरक्षक ने शारीरिक संबंध बनाए और गर्भपात भी कराया है। अब दोनों युवतियों से शादी करने से आरोपी आरक्षक मुकर गया है।

### मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा खेलते तीन पकड़े गए

**कोरबा (ए)।** ऑनलाइन सट्टा खेला रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों में शामिल लोगो के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने कहा गया है। इस पर चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू एवं साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी की अगुवाई में मुखबिर के सूचना पर ऑनलाइन सट्टा खेलने वाले तीन सटोरियों को दादरखुर्द शराब दुकान के पास ऑनलाइन सट्टापट्टी खेलते हुए पकड़ा। उनके पास से नगद 560 रूपये तथा दो एंड्राइड मोबाइल को जब्त किया गया। पकड़े गए तीनों आरोपी ने अपना नाम कन्हैया लाल बंजारे 26 वर्ष, संतोष चौहान 34 वर्ष, ओम प्रकाश बरेठ 32 वर्ष तीनों निवासी एमपी नगर अटल आवास बताया। पुलिस ने तीनों आरोपित के विरुद्ध धारा 6(क), 7(क) छ ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर जेल भेज दिया।

# बुजुर्ग दंपती पर ईंट से हमला कर 4 लाख लूटेः पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**सरगुजा (ए)।** सरगुजा जिले में अज्ञात हमलावरों ने बुजुर्ग दंपती पर हमला कर घर में रखे 4 लाख रुपए लूट लिए। इस हमले में बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर है। बेटे की हाथियों के हमले में हुई मौत के बाद इन्हें सहायता राशि मिली थी।



जानकारी के मुताबिक, के सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गेरसा के चांचडांड में बुजुर्ग किशुन राम (70) और उसकी पत्नी सुकवारो बाई (65) के साथ बुधवार रात घर में सो रहे थे। बुजुर्ग दंपती का घर जंगल किनारे स्थित है, जहां उनके अलावा महज आधा दर्जन घर ही बने हैं।

इसी बीच अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती की बेदम पिटाई कर दी। ईंट से उन पर हमला कर दिया। जिससे किशुन राम की मौत हो गई। महिला सुकवारो गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं, हमलावर घर में रखे 4 लाख रुपए नगदी लूटकर फरार हो गए।

### घायल महिला की हालत नाजुक

गुरुवार सुबह जब आसपास के लोग उनके घर हलचल नहीं होने पर पहुंचे, तो बुजर्ग महिला को गंभीर हालत में पाया। इसकी सूचना पर सीतापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल सुकवारो को अस्पताल भेजा और बुजुर्ग के शव का अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। घायल महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

### घर में दंपती ने रखा था चार लाख रुपए

बुजुर्ग किशुन राम के बेटे की पिछले वर्ष हाथी के हमले में मौत हो गई थी। जिस पर वन विभाग ने परिजनों को 5.75 लाख हजार रुपए आर्थिक सहायता दी थी। मुआवजा राशि को बुजुर्ग दंपती ने बैंक से निकालकर अपने घर में रखा था।

नगदी रकम को लेकर दंपती के बीच आए दिन विवाद भी होता था। दंपती शराब पीने के आदि थे। उनके घर कई लोग शराब पीने भी आते थे। कुछ दिनों पहले शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान वृद्धा पूरी राशि को लेकर पड़ोस में चली गई थी। महिला को पड़ोसी ने समझा बुझाकर घर भेज दिया था।

### जानकार लोगों के शामिल होने की आशंका

इस मामले में सीतापुर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने बताया कि घटना लूट की नीयत से की गई है। घटना में जानकर लोगों के शामिल होने की आशंका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोच में लगे कैमरे की मदद से चोर तक पहुंची आरपीएफ और जीआरपी



**बिलासपुर (ए)।** दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस (12853) के एसी कोच से महिला यात्री का पर्स चोरी कर भागने वाले आरोपित को आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने पकड़ लिया है। इस कार्रवाई में ट्रेन के कोच में लगे कैमरे मददगार साबित हुए। पूरी घटना व आरोपित का चेहरा कैमरे में कैद हो गया। आरोपित के कब्जे से दो लाख 22 हजार कीमत के गहने, मोबाइल व अन्य सामान बरामद हुआ है।

घटना 26 फरवरी की है। 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस में उसलापुर से जबलपुर तक कोच नंबर एम-1 की बर्थ क्रमांक आठ में बिलासपुर के बिहारी टाकीज के पास रहने वाली महिला यात्री शिवानी भोजवानी परिवार के साथ सफर कर रही थी। वह साथ में एक सफेद कलर का लेडीज पर्स रखी थी। सिरहाने पर रखे इस पर्स के अंदर डेढ़ तोला सोने की मंगलसूत्र , दो कंगन , दो मोबाइल समेत दो लाख आठ हजार रुपये का सामान रखे हुए थे। झलवारा रेलवे स्टेशन के आसपास अज्ञात चोर पर्स चोरी कर चलती ट्रेन से कूद गया। यात्री ने इस घटना की सूचना रेल मदद में दर्ज कराई। जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ की टास्क टीम-2 ने खोजबीन भी की। यात्री ने इस घटना की शिकायत जबलपुर जीआरपी थाने में दर्ज कराई। शून्य में मामला दर्ज कर क्षेत्राधिकार के आधार पर शहडोल जीआरपी थाने को केस डायरी भेजी गई। जहां अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। गुरुवार को टास्क टीम-2 के सदस्य व शहडोल जीआरपी कोच में लगे सीसीटीवी से फुटेज के आधार छानबीन की। कैमरे में न केवल आरोपित की पहचान हुई बल्कि वह चोरी करता हुआ कैद भी हुआ। जिस पर आरोपी अमरसिंह ऊर्फ पिंटू गोड़ निवासी शहडोल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के कब्जे से चोरी गए गहने व मोबाइल दो लाख 22 हजार रुपये का सामान बरामद हुआ। इस पर आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 20 मार्च तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# शिक्षक के खिलाफ जांच बैठी तो एचएम व महिला टीचर को धमकाया

**बिलासपुर (ए)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल मंगल में पदस्थ एक शिक्षक के खिलाफ छात्राओं ने शिकायत दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षाधिकारी टीआर साहू ने जांच के लिए टीम बनाई है। बीते मंगलवार को टीम पहुंची। इस बीच शिक्षक के पक्ष में कुछ लोग स्कूल पहुंचे और हेडमास्टर और एक महिला शिक्षक को धमकाने लगे। दोनों ने इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों के अलावा उच्च अधिकारियों से की है। उन्होंने पत्र में सुरक्षा की मांग की है।

कमलेश साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ है। बीते दिनों स्कूल की छात्राओं ने लिखित और मौखिक रूप से शिक्षक कमलेश साहू के खिलाफशिकायत दर्ज कराई है। मामला सामने आने के बाद मंगला के सरपंच, उपसरपंच, शाला समिति के अध्यक्ष समेत अन्य को शिकायत के संबंध में अवगत कराया गया। उच्च अधिकारियों ने इसे संज्ञान में लेते हुए जांच टीम बनाई। टीम में शामिल बिल्हा जनपद उपाध्यक्ष, शाला समिति के अध्यक्ष, विकासखंड शिक्षाधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीते मंगलवार को स्कूल पहुंचकर छात्राओं समेत एचएम अविनाश तिवारी व महिला शिक्षक आशा कंवर का बयान लिया। इसके दूसरे दिन दो व्यक्ति स्कूल में आए और एचएम और महिला शिक्षक को शिक्षक कमलेश साहू का पक्ष लेते हुए जांच टीम को बुलाने पर धमकाने लगे। साथ ही एचएम से जांच में शामिल लोगों का मोबाइल नंबर मांगने लगे। इस पर एचएम और महिला शिक्षक ने जिला शिक्षाधिकारी को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि कुछ लोग शिक्षक कमलेश साहू का पक्ष लेते हुए स्कूल से नहीं हटाने का दबाव बना रहे हैं। दोनों ने जिला शिक्षाधिकारी से अन्यंत्र कार्यालय में संलग्न करने की मांग की है।

# बलरामपुर में मर्डर का खुलासाः पत्नी से बात करता था दोस्त,गुस्साए पति ने गला काटा, सुपारी देकर कराई थी युवक की हत्या

**बलरामपुर (ए)।** बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में जमशेद नाम के युवक की हत्या का खुलासा हो गया है। जमशेद की हत्या अवैध संबंधों के शक में हुई। महिला के पति ने 1 लाख 80 हजार रुपए की सुपारी देकर उसकी हत्या करवा दी। आरोपी का कहना है कि जमशेद उसकी पत्नी से फोन पर घंटों बातें करता था। उसे कई बार समझाया भी लेकिन वो नहीं माना।

जानकारी के मुताबिक, बेलवादामर जंगल में दोलंगी तिराहे के पास 6 मार्च की सुबह जमशेद अंसारी (28 वर्ष) की लाश मिली थी। उसका गला कटा हुआ था और हाथ भी टूटा था। जमशेद 5 मार्च को अपने ससुराल रेवतीपुर में शादी में शामिल होने गया था।



### हत्या करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और हत्या के आरोपी अशरफ अंसारी (35 वर्ष), मकसूद आलम (22 वर्ष) और अबरार अंसारी (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया। शुरुआती पूछताछ में तो अशरफ ने कत्ल से इनकार कर दिया, लेकिन कड़ाई करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

मुख्य आरोपी अशरफ ने पुलिस को बताया कि जमशेद उसका दोस्त था। दोनों सूरत में कढ़ाई का काम करते थे। इसी बीच दो-तीन साल पहले उसने किसी काम से मेरी पत्नी का नंबर लिया था। तब से वो लगातार उससे बातचीत कर रहा था। उसे कई बार समझाया भी, लेकिन वो नहीं माना।

अशरफ अंसारी जमशेद की हरकतों से तंग आ चुका था। इसलिए उसने गांव के ही मकसूद को 50 हजार और उबरार को 1 लाख 30 हजार रुपए की सुपारी दी थी। उसने कहा था कि जमशेद को सबक सिखाओ और मारपीट कर छोड़ देना। वारदात वाले दिन सभी लोग शाम 7 बजे एक साथ थे। आरोपियों ने जमशेद को रामचंद्रपुर ले जाकर नाश्ता भी कराया था, इसके बाद गुमराह कर उसे घुमाने ले गए। मौका मिलते ही भाड़े के दोनों हत्यारों ने उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उस पर डंडे से हमला किया, जिससे वह नीचे गिर गया। इतने में ही अशरफ ने गला रेत कर जमशेद की हत्या कर दी।

# बालोद में मिला नर कंकाल का सिरः जबड़े का एक हिस्सा गायब, बाकी हिस्सों को खोजना पुलिस के लिए चुनौती

**बालोद (ए)।** बालोद जिले के ग्राम दैहान के जंगल में गुरुवार की शाम क्षत-विक्षत हालत में एक नर कंकाल मिला है। उसके जबड़े का एक हिस्सा गायब है। पुलिस हत्या या किसी घटना की आशंका जताते हुए मामले की जांच में जुट गई है।



बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडे ने बताया कि सूचना मिली थी कि जंगल में एक कंकाल दिखा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल शुरू कर पंचनामा की कार्रवाई की गई। कंकाल जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है।

कंकाल का सिर टुकड़ों में बंटा हुआ है। जबड़े का आधा हिस्सा गायब हो चुका है। जिस कारण किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। अब पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है। वहीं, कंकाल को फॉरेंसिक लैब भेजा जा सकता है। ताकि डीएनए टेस्ट होने के साथ-साथ इसके बाकी हिस्सों को भी खोजा जा सके।

### बाकी हिस्सों को खोजना पुलिस के लिए चुनौती

जिस जंगल में मानव सिर का कंकाल मिला है, वह जंगल चारों तरफसे पेड़ पौधों से घिरा हुआ है। इसलिए इस कंकाल के बाकी हिस्सों को खोजने पुलिस के लिए चुनौती है। पुलिस बाकी हिस्सों को खोजने के बाद ही आगे की कार्रवाई करेगी।

# मदद के बहाने के बाद एटीएम बदला और निकाल लिए रुपए, सरगुजा पुलिस ने आरोपी को बिहार से दबोचा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा।** जिले में एटीएम बदलकर ठगी के एक मामले में पुलिस ने बिहार से आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला उदयपुर थाना क्षेत्र का है जहां प्रार्थी के भाई का एटीएम शातिर ने बदल दिया और रुपए निकाल लिए। इस मामले शिकायत के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की और आरोपी को नवादा बिहार से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से प्रार्थी का आधार कार्ड बरामद किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामलखन सिंह साकिन रामनगर थाना उदयपुर द्वारा थाना उदयपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया। शिकायत में उसने बताया कि 2 मार्च कों वह अपने भाई का एटीएम लेकर उदयपुर के एसबीआई एटीएम गया हुआ था। एटीएम से पैसा ना निकलने पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सहायता करने के नाम पर एटीएम बदल दिया और 1 लाख 14800 रुपए निकाल लिए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना उदयपुर में धारा 420, 419, 34 भा.द.वि. 66(सी) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले मे तकनिकी सहायता प्राप्त कर रुपए आहरण के दौरान उपयोग किये गए पीओएस मशीन का डिटेल ली। तकनिकी जानकारी प्राप्त कर मामले के संदेही की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम कों नवादा बिहार भेजा गया था। पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपना नाम अभिषेक कुमार उर्फ राहुल उर्फ अमित कुमार साकिन पटेलनगर नवादा जिला नवादा बिहार का होना बताया। आरोपी से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से आधार कार्ड जब्त कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला कबीरधाम एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़, राजस्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग,**

**अधिसूचना**

क्रमांक : 504 — दिनाँक 19/02/2024

रा.प्र.क. 202305080200001/अ-82 वर्ष 2022-23 चूँकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनूसची में वर्णित भूमि की मंझोली से देयपुरा सड़क मार्ग में वृहद पुल निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत् यह घोषित किया जाता है कि भूमि का उक्त सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है:-

**-: अनुसूची :-**

**भूमि का वर्णन :-**

1. नगर / ग्राम - देवपुरा
2. प0ह0न0 - 40
3. तहसील - पंडरिया
4. जिला - कबीरधाम
5. भूमि का क्षेत्रफल - 0.18 एकड़, 0.072हे.

| क्र. | खसरा नं. | रकबा हे. में |
|---|---|---|
| 1 | 228/2 | 0.072 |
| | Total - 01 | 0.072 |

1- भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पंडरिया के कार्यालय में किया जा सकता है।
2- उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**(जनमेजय महोबे)**
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव,
छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा
प्रबंधन विभाग, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

S-39950/3

**कार्यालय अधिष्ठाता**

**चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)- 490024**
**(पूर्व नाम- चंदूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दूर, दुर्ग (छ.ग.)**
**Email ID- cmmedicalcollege@gmail.com**

**क्रंमाक / सीसीएमजीएमसी / क्रय/23-24/693 — दुर्ग, दिनांक: 06/03/2024**

**:: निविदा सूचना ::**

कार्यालय चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दुर, दुर्ग, छ.ग. परिसर में कैंटिंन संचालन हेतु निविदा वर्ष 2023-24 हेतु केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिसके नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय में किया जा सकता हैं।

| क्र. | कार्य का विवरण | अमानत राशि (रूपये में) | शुल्क राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कैंटीन का संचालन | 50,000.00 | 500.00 |

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि : दिनांक 02.04.2024 समय शाम 05.30 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 15.04.2024 समय शाम 05.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 16.04.2024 समय दोपहर 12.00 बजे से
निविदा जमा एवं खोलने करने का स्थान : कार्यालय, अधिष्ठाता चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दुर, दुर्ग (छ.ग.)

**अधिष्ठाता**
चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय
चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दुर, दुर्ग (छ.ग.)

जी-08371/3

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता


कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ताः 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### हमारा जीवन उमंग उत्साह से भरपूर हो जिसे देख दूसरों को भी जीवन जीने की प्रेरणा मिले

**भिलाई।** कहते हैं यदि सच्ची लगन, साफ दिल से तपस्या कर भगवान को याद करें तो परमात्मा शिव को भी अपना धाम छोड़कर आना पड़ता है कुछ इसी तरह की घटना सेक्टर 7 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्दिशा भवन परिसर में घटी, जहां पर भरी सभा में आकाश मार्ग से शिवलिंग प्रकट हुआ जिसे देखकर सभी रोमांचित हो उठे, यह शिवलिंग ड्रोन द्वारा विशाल पर्वत श्रृंखला से प्रकट हुआ जिसे देखकर सभी के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे7 जिसके बारे में आशा दीदी ने बताया की टेक्नोलॉजी का सदुपयोग कर हम सतयुग की स्थापना कर सकते हैं, जिसके लिए परमात्मा परमधाम से ब्रह्मा तन का आधार लेकर अवतरित होते है । भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव पिता के बच्चों का श्वांस उमंग उत्साह है जैसे श्वांस के बिना जीवन नहीं चलता ऐसी हमारी हर सांस में उमंग उत्साह समाया हुआ है।

### भिलाई निवास में आयोजित 65वीं रिफ्रैक्टरी ऑपरेटिंग समिति की बैठक संपन्न

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आरडीसीआईएस के सहयोग से 6 और 7 मार्च 2024 को भिलाई निवास में आयोजित 65वीं रिफ्रैक्टरी ऑपरेटिंग कमेटी बैठक (आरओसीएम) के समापन समारोह के मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक वरिंदर धवन, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार, इस्पात बिरादरी के अन्य मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित सेल और अन्य इस्पात संयंत्रों की विभिन्न इकाइयों से कई रिफ्रैक्टरी ऑपरेटर्स मौजूद थे। 65वीं आरओसी बैठक के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए, अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा, कि रिफ्रैक्टरीज में संसाधनों की खपत में कमी का मुद्दा सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है।

# महाशिवरात्रि: मंदिरों में हर-हर महादेव की गूंज, सुबह से लगी भक्तों की कतार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में भी महाशिवरात्रि का त्योहार पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में शिवभक्त मंदिरों में कतार लगाए खड़े हैं। दुर्ग जिले में भी महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी है। शिवनाथ नदी के तट से लेकर देव बलौदा के प्राचीन शिवमंदिर तक सभी जगह महादेव के जयकारें लग रहे हैं। दुर्ग में शिवनाथ नदी तट के शिवालयों में सुबह से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। पंचाक्षरी मंत्र, महामृत्युंजय जाप और हर-हर महादेव के जयकारे के साथ शंखनाद से भक्तिमय माहौल बन गया।

महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिरों में विशेश साजसज्जा की गई। विशेष रूप से देव बलौदा स्थित प्राचीन शिवमंदिर में सुबह 3 बजे से ही भक्तों की भीड़ लगी शुरू हो गई। मंदिर के मुख्य द्वार से बाहर लंबी कतार लगी रही। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं नु रुद्राक्ष से शिवलिंग का निर्माण किया। रुद्राक्ष के शिवलिंग के दर्शन कर उसकी भी विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा भिलाई के बैकुंटधाम में भी सुबह से भक्त पूजा अनुष्ठान कर रहे हैं। आसपास के सभी मंदिरों में शिवभक्त पूजा अर्चना कर रहे हैं। बता दें इस बार महाशिवरात्रि पर कई दुर्लभ संयोग बन रहे हैं है। महाशिवरात्रि के दिन चतुर्दशी तिथि के साथ त्रयोदशी तिथि भी है। शास्त्रों में इसका विशेष महात्व भी है इसलिए शुभ मुहूर्त में पूजन करने से भगवान शिव की कृपा मिलेगी। यही नहीं महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा करने का भी विधान है। दिनभर व्रत करने के बाद रात्रि जागरण करने से महाशिवरात्रि का विशेष फ्ल मिलता है। यही नहीं महाशिवरात्रि के भोर में नदी स्नान का भी विशेष महत्व होता है।





# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक रिकेश की घोषणा, शासकीय स्कूल व कॉलेज में लगाएंगे सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

## विधायक रिकेश सेन ने कहा- 15 दिन के भीतर मशीनें लगनी शुरू हो जाएंगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सभी मातृ शक्तियों को शुभकामनाएं देते हुए घोषणा की है कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की ऐसी सभी शासकीय स्कूल और कॉलेज जहां गर्ल्स स्टूडेंट अध्ययनरत हैं वहां सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें लगाई जाएंगी। ये सैनिटरी नैपकिन मशीनें सैनिटरी नैपकिन से भरी स्टैंड-अलोन आटोमेटिक वेंडिंग मशीनें होंगी जो अतिशीघ्र सभी स्कूल और कॉलेज में उनके द्वारा स्थापित करवाई जाएंगी।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं के सम्मान को हमेशा से ही महत्व दिया जाता है। हमारे देश में महिला को देवी के समान पूजा जाता है। एक तरह से किसी भी समृद्ध घर के लिए महिला एक लक्ष्मी के रूप में होती है। आज नारी सिर्फ घर की ही नहीं बल्कि देश की शान भी बन रही हैं और लगभग हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियां बढ़ती ही जा रही हैं। उनकी इन्हीं उपलब्धियों को और अधिक सशक्त बनाने और नारी का महत्व सेलिब्रेट करने का आज दिन है जिसे हम सभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाते हैं।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाने का उद्देश्य



बहनों को स्वच्छता संबंधी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। हर शासकीय स्कूल और कॉलेज में आवश्यकतानुसार उपयोगकर्ता को 'कलेक्ट हियर' आउटलेट में मशीन से सैनिटरी नैपकिन निकालने के लिए बस एक बटन दबाना होगा।

अमूमन लड़कियों और महिलाओं को, अनेक बार स्कूल-कॉलेज में प्रबंधन के पास खाली सैनिटरी नैपकिन स्टॉक के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हर स्कूल कॉलेज में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन होने से सहुलियत होगी।

### महिला सशक्तिकरण में भारत विश्व में अग्रणी

विधायक सेन ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण में भारत पूरे विश्व में बहुत आगे है। अलग अलग क्षेत्रों में हमारी महिलाएं काम कर रही हैं जिससे बड़ा गौरवान्वित महसूस होता है। वैसे तो हर दिन महिलाओं का होता है लेकिन 8 मार्च को हम इसे विशेष तौर पर सेलिब्रेट करते हैं। मैं भी चाहता हूं कि अपने वैशाली नगर विधानसभा की माताओं बहनों के लिए कुछ करूं। मैंने तय किया है कि शासकीय जितने भी शिक्षण संस्थान हैं जहां पर बच्चियां पढ़ती हैं, उस जगह पर सैनिटरी नैपकिन की मशीन लगाई जाएंगी। कभी भी आवश्यकता पड़ने पर मशीन से स्विच पुश कर सैनिटरी पैड निकाला जा सकता है और यह व्यवस्था सभी शासकीय स्कूल में शासकीय कॉलेज में की जाएगी और जितने प्राइवेट स्कूल हैं, प्राइवेट कॉलेज हैं उनमें मैं शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा कि एक पत्र जारी करें और सभी निजी स्कूलों के संचालकों को, सभी कॉलेज की संचालकों को निर्देशित करें कि वो भी अपने खर्च से सैनिटरी नैपकिन की मशीनें अवश्य लगाएं। महिला दिवस पर वैशाली नगर विधानसभा में यह एक छोटा सा प्रयास है आगे भी हमेशा महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करते रहेंगे।

# महापौर बाकलीवाल ने लाभ के बजट को बहुमत से किया पारित


श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम परिसर में नवनिर्मित मोतीलाल वोरा सभागृह में आज महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश किया।बजट में शहर व जनहित के काम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में महापौर ने सदन में रखा आगामी वर्ष 2024-25 के लिए कुल 482.50 करोड़ रुपये का बजट अनुमान किया गया। बजट के वाचन के बाद विपक्ष ने महापौर से कुछ सवालों का जवाब चाहा।

सामान्य सभा के दौरान विधायक गजेंद्र यादव अतिथि के रूप में सामान्य सभा बजट बैठक में शामिल हुए। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं सभापति राजेश यादव ने पुष्पगुच्छ देकर विधायक का स्वागत किया। इस दौरान शहर विधायक गजेंद्र यादव ने बजट बैठक में शामिल होकर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्ग शहर के विकास में शासन से राशि की स्वीकृति आवश्यकता के अनुसार कराया जाएगा।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा हमारी शहरी सरकार ने हर दिशा हर क्षेत्र में विकास का मूलमंत्र लिये अपने पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने बजट भाषण के पहले शायराना अंदाज में कांरवा गुजरे होंगे हजारो इस रास्ते सेलेकिन अभी तो हमारा मुकाम बाकी है गर्दिशों में है सितारे बेशक, मगर मेरी फित्तरत है उभरनाअभी तो ना जाने कितने ब्रम्हांड बाकी है तूफानों से कह दो ले ले आजमाईश जितनी भी अभी तो ना जाने ऐसे कितने इम्तिहान बाकी है नगर निगम की सामान्य सभा मे सभापति राजेश यादव की अनुमति के बाद महापौर धीरज बाकलीवाल ने बजट प्रस्तुत किया।बजट एवं अन्य विषयों को बहुमत से पारित किया गया।

इस बजट में आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए समस्त स्त्रोतों एवं ऋण अनुदान से प्राप्ति के रूप में 4 अरब 82 करोड़ 50 लाख 34 हजार का प्रावधान किया गया है तथा प्रारंभिक शेष 01 अरब 31 करोड़ 94 लाख 97 हजार, इस प्रकार कुल आय 6 अरब 14 करोड़ 45 लाख 31 हजार रू0 दर्शाया गया है।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950